डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

वर्ष : 10 > अंक : 37 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

सरकारी सिस्टम की मज़बूती शीर्ष नेतृत्व से ही मज़बूत होती है।
-शालिनी श्रीवास्तव

website: www.hsnews.in

साप्ताहिक समाचार पत्र

जयपुर, बुधवार, 28 फरवरी 2024



## भ्रष्टाचारी भेड़ियों सावधान! सुधांशु शेर आ गया है!



### मुख्य सचिव सुधांशु पन्त के औचक निरीक्षण से भौचक्के हो रहे सुस्त,आलसी और भ्रष्टाचारी अधिकारी व कर्मचारी।पिछले एक माह में जेडीए,कलेक्ट्रेट, ग्रेटर निगम और परिवहन में सुबह सवेरे पहुँचे सीएस पन्त।

**शालिनी श्रीवास्तव**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** जॉइनिंग के कुछ दिनों बाद ही सचिवालय से सड़कों पर निकले मुख्य सचिव सुधांशु पन्त। जेडीए, नगर निगम, कलेक्ट्री, परिवहन विभाग में अचानक पहुँच गए। राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत पूरी तरह से एक्शन मोड में हैं। वे हर सप्ताह किसी ने किसी सरकारी दफ्तर का निरीक्षण कर रहे हैं। पिछले एक माह में लगातार औचक निरीक्षण में सबसे पहले उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण का निरीक्षण किया था। इसके बाद जिला कलक्ट्रेट गए। उसी प्रकार वे औचक निरीक्षण करने नगर निगम ग्रेटर पहुंचे और फिर पहुँच गए परिवहन विभाग।

**कार्यालय समय पर पहुँचने पर सीएस पन्त को दो कमियाँ मुख्य तौर पर नज़र आई-**

- एक तो अधिकाँश सरकारी अधिकारी व कर्मचारी समय पर दफ्तर नहीं पहुँचते हैं।
- अधिकाँश सरकारी कार्यालयों में लंबित प्रकरणों की फाइलों का ढेर टेबल पर पड़ा मिला।



जेडीए,कलेक्ट्रेट,ग्रेटर निगम और परिवहन का औचक निरीक्षण किया सीएस सुधांशु पन्त ने

23 जनवरी 2024 से 14 फरवरी 2024 के बीच 04 बड़े विभागों का औचक निरीक्षण किया मुख्य सचिव ने उद्देश्य मात्र यह कि कार्यालय समय पर आएँ अधिकारी कर्मचारी और कोई काम टेबल पर पेंडिंग न रहे। भाजपा सरकार के आगमन पर केवल सीएस के औचक निरीक्षण ही नहीं बल्कि उनसे प्रेरित होकर चिकित्सा विभाग,शिक्षा विभाग आदि के सचिव भी अपने से सम्बन्धित विभागों का औचक निरीक्षण करने लगे हैं। ये निरीक्षण सोये हुए सरकारी कार्यालयों में ऊर्जा का संचार साबित होगा।

### सीएस पन्त द्वारा 23 जनवरी से 14 फरवरी तक किये औचक निरीक्षणों पर एक नज़र

**23 जनवरी-मंगलवार को जेडीए:** मुख्य सचिव सुधांश पंत कार्यालय समय सवा नौ पर जेडीए पहुँचे। अधिकाँश अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति और फाइलों के ढेर लगे मिले।जेडीए सचिव आइएएस नलिनी कठोतिया को लापरवाही के चलते एपीओ किया गया। सचिव नलिनी कठोतिया, अतिरिक्त आयुक्त आनंदी लाल वैष्णव और जोन उपायुक्तों के कार्यालयों में लम्बित फाइलें देखीं तो सामने आया कि जिस दिन फाइल रिसीव की गई उसके बाद कई महीनों तक सुध नहीं ली गई। पंत करीब सवा घंटे जेडीए में रुके। उनके जाने के बाद जेडीए सचिव और आईएएस नलिनी कठोतिया, अतिरिक्त आयुक्त (आरएसएस) आनंदी लाल वैष्णव और उपायुक्त (आरएएस) प्रवीण कुमार-द्वितीय को कार्मिक विभाग ने एपीओ कर दिया। शाम होते होते जेडीए के कई अधिकारियों और कर्मचारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए।

**30 जनवरी-मंगलवार- जयपुर कलक्ट्रेट:** निरीक्षण के दौरान पंत को कलक्ट्रेट के हाल भी जेडीए जैसे नजर आए। मुख्य सचिव ने एडीएम सहित सभी अधिकारियों के चैंबर देखे, यहाँ अधिकारी तो समय पर पहुँच गए थे लेकिन फाइलों के ढेर मिले। मुख्य सचिव पंत कलक्टर के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे। सबसे ज्यादा फाइलों की पेंडेंसी एडीएम प्रथम दिनेश शर्मा के यहाँ मिली, जिसे देख सीएस नाराज हुए। इस पर सीएस पंत ने तहसीलदार से सवाल-जवाब किए। पंत आरएए (राजस्व अपील अधिकारी) के चैंबर में भी पहुंचे जहाँ आरएए रामावतार गुर्जर नहीं मिले। इस दौरान पंत ने फाइलों की पेंडेंसी देखी, जिसकी मुख्य सचिव स्वयं ने फोटो भी ली।

**7 फरवरी-बुधवार-नगर निगम ग्रेटर:** मुख्य सचिव सुधांश पंत सुबह 9.25 बजे ग्रेटर नगर निगम का मुख्यालय पहुंचे। मुख्य सचिव सीधे मुख्यालय में शाखाओं का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां व्यवस्थाओं के साथ पत्रावलियों को देखा और अधिकारियों से पेंडेंसी की जानकारी जुटाई। उन्होंने कार्मिकों की उपस्थिति की भी जानकारी ली। मुख्य सचिव के निगम पहुँचने की सूचना मिलते ही निगम कार्मिकों में हड़कंप मच गया था। आयुक्त रुक्मणि रियाड़ अपने चेम्बर में उपस्थित मिली।

**14 फरवरी बुधवार परिवहन विभाग:** मुख्य सचिव 14 फरवरी बुधवार सुबह 9:20 बजे निरीक्षण करने परिवहन आयुक्तालय पहुँच गए।दो महिला अधिकारी आरएस रंजीता गौतम,शैलेष खेरवाल और संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण चारण ही ऑफिस में मिले इसके अलावा सब गैर हाजिर थे। परिवहन आयुक्त मनीषा अरोड़ा दौड़ती हुई आयुक्तालय पहुँचीं और बताया कि वे रोड सेफ्टी के कार्यक्रम में गई हुईं थीं। सवा घंटे तक की सीएस परिवहन आयुक्तालय में रहे और उन्होंने दौड़ते भागते कर्मचारियों को ऑफिस पहुँचते देखा ऐसे में उन्होंने आयुक्त को पाबंद किया लेकिन अपने साथ कई लंबित फाइलें ले गए।

### निष्कर्ष

निःसन्देह मुख्य सचिव की पोस्ट मुख्यमंत्री के समकक्ष ही होती है क्योंकि एक राजैनतिक सत्ता का सिरमौर है और दूसरा प्रशासनिक प्रंबधन का। गहलोत सरकार की लचर कार्यप्रणाली से सरकारी दफ़्तर रैन बसेरे बन गए थे आओ खाओ और सुस्ताओ ऐसे में मुख्य सचिव सुधांशु पन्त की कार्यप्रणाली इस सोये हुए सरकारी सिस्टम को जगाने का एक बेहतरीन ज़रिया बनेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा थाना निरीक्षण भी एक ऐतिहासिक वाकया बना है। इन दोनों ही दिग्गज़ नेता और अधिकारी को कान नाक आँख बंद करके अपनी इस की कार्यप्रणाली की गति यूँहीं बनाये रखने की आवश्यकता है ताकि बिगड़ा हुआ सरकारी ढाँचा फिर से सुदृढ़ आकार में ढल सके।

(किशनपोल जोन चुस्त और बाक़ी हैरीटेज जोन सुस्त क्यों?)

## भ्रष्टाचार ज़ीरो टॉलरेंस की असली परिभाषा गढ़ रहा है किशनपोल जोन नगर निगम हैरीटेज

**कार्यालय संवाददाता**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** पिछले डेढ़ माह में किशनपोल जोन ने अवैध निर्माणों व अतिक्रमणों पर तबाड़तोड़ कार्यवाही की है इसका श्रेय जाता है उपायुक्त पूजा मीणा को। अभी इस वक्त नगर निगम हैरिटेज में जहाँ अन्य तीन जोन निष्क्रिय पड़े हैं वहीं दूसरी ओर किशनपोल जोन अपनी त्वरित व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को लेकर सुर्खियों में आ रहा है।

भ्रष्टाचार ज़ीरो टॉलरेंस की असली परिभाषा गढ़ रहा है किशनपोल जोन

नगर निगम हैरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा को लगातार आदर्शनगर जोन के 300 से ज़्यादा अवैध निर्माण की सूचना दी गई है जिसमें प्रथम सूची में लगभग 35 अवैध निर्माणों की सूची मय विवरण उपलब्ध करवाई गई है। किंतु आदर्शनगर जोन ने महज़ 4-5 नोटिस जारी किए गए औपचारिक मगर अब तक कोई कार्यवाही उन 4-5 नोटिस पर भी नहीं की गई। सीजर या ध्वस्तीकरण तो दूर की बात है।

ये अवैध निर्माण बिना अनुमति तो है ही साथ-साथ बिल्डिंग बायलॉज के नियमों का घनघोर उल्लंघन भी है और उसी के साथ-साथ सड़क अतिक्रमण भी है। निर्माण सामग्री सड़कों पर फैली है। यातायात अवरुद्ध है। आस-पड़ौस परेशान है लेकिन कोई कार्यवाही नगर निगम आदर्शनगर जोन नहीं कर रहा। वहीं दूसरी ओर करीब के नगर निगम जोन किशनपोल ने लगातार 10 से 15 बड़ी कार्यवाही कर प्रसिद्धि के झंडे गाड़ दिये हैं।पिछले डेढ़ माह में 10-15 बड़ी कार्यवाही अवैध निर्माणों पर किशनपोल जोन ने की हैं।

आदर्शनगर जोन आख़िरकार निष्क्रिय क्यों है क्योंकि जमकर भ्रष्टाचार हुआ है यहाँ। उपायुक्त सहित जेईएन एईएन और गजधर ने बिल्डर्स से पैसा खाया है इसीलिए हिम्मत नहीं कर पाते कार्यवाही की और मुख्यालय से दबाव आने पर केवल औपचारिक नोटिस थमा आते हैं बिल्डर्स को!

नगरनिगम हैरीटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा व विजलेंस उपायुक्त सुरेश महारानियाँ को इस बारे में आदर्शनगर जोन पर स्व संज्ञान लेने की आवश्यकता है।

किशनपोल जोन में दिनाँक 26 फरवरी को भी निम्न अवैध निर्माणों पर सीजर की कार्यवाही की गई है जिसमें किशनपोल उपायुक्त पूजा मीणा के साथ विजलेंस अफसर सुरेश महरनियाँ,कनिष्ठ अभियंता मनोज मीणा व गजधर सुरेश शर्मा उपस्थित रहे।किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर हैरीटेज द्वारा बिना इजाजत अवैध निर्माण एवं न्यायालय के आदेशों की अवमानना करते हुए किए गए अवैध निर्माणों को 180 दिन के लिए सीज किया गया जिसमें मुख्य हैं -

- शकुंतला हर्षित अग्रवाल पुत्र गणेश अग्रवाल मकान नंबर 1424 पिपलियों का चौक।
- सुनील पुत्र इंद्र कुमार मकान नंबर 378 मेहर निवास हनुमान जी का रास्ता।
- रवि पौडवाल पुत्र खेमचंद पौडवाल मकान नंबर 376 सुराणा भवन हनुमान जी का रास्ता।
- मनोज सोनी गोविंद सोनी मकान नंबर 600/ 01 बड़ी का रास्ता।
- निर्माणकर्ता मालिक मकान नंबर 942 946 मेहरों का रास्ता,कावंटियों की पीपली घाट गेट
- नफीस मकान नंबर 4540 घोड़ा निवास रोड, चौकड़ी रामचंद्र जी जयपुर
- निर्माणकर्ता मकान नंबर 1145 नेहरू का रास्ता रामगंज बाजार जयपुर
- खैरुनीसा पत्नी निसार अहमद मकान नंबर 912 से 913 कांवटियों की पीपली के पास,हल्दियों का रास्ता

### किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा लगातार कर रही अवैध निर्माणों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही


पूजा मीणा,उपायुक्त किशनपोल जोन, जयपुर की कार्यप्रणाली अन्य हैरीटेज जोन उपायुक्त से श्रेष्ठ क्यों?




(तक्षक का रक्षक कौन)

## RAS अधिकारी नीलिमा तक्षक का राजस्थान यूनिवर्सिटी के सरकारी बंगले पर कब्जा?

### राजस्थान विश्वविद्यालय की पूर्व रजिस्ट्रार RAS नीलिमा तक्षक के बंगला अतिक्रमण से 7 माह तक बेख़बर क्यों मीडिया?


RAS नीलिमा तक्षक

**शालिनी श्रीवास्तव**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** राजस्थान विश्वविद्यालय की पहली कुलसचिव यानी रजिस्ट्रार 02 वर्ष पूर्व नीलिमा तक्षक बनीं और अभी गत वर्ष 20 जुलाई 2023 को उनका ट्रांसफर हो गया। ट्रांसफर के साथ वह बंगले को खाली नहीं कर पाई और आज तक बंगला खाली भी नहीं किया जो कि अपने आप में एक बड़ी खबर है लेकिन मीडिया ख़ामोश और चुप्पी साधे रहा।यह तो एक ऐसे अवैध अतिक्रमण की खबर है जो कि एक सरकारी अधिकारी ने सरकारी बंगले पर किया हुआ है।राजस्थान यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा अंतिम नोटिस भी थमा चुकीं लेकिन टस से मस नहीं हुईं हैं नीलिमा तक्षक और बन गयी हैं भक्षक सार्वजनिक अधिकारों की।




राजस्थान विश्वविद्यालय की पहली महिला रजिस्ट्रार नीलिमा तक्षक का 20 जुलाई 2023 को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (न्याय) जयपुर सेकंड के पद तबादला हो गया है मगर यूनिवर्सिटी कैम्पस में आज भी रजिस्ट्रार बंगले पर उनका कब्जा काबिज़ है जबकि 1 माह ग्रेस पीरियड टाइम अगस्त 2023 में ही पूर्ण हो गया है।कुलपति अल्पना कटेजा द्वारा मुख्य सचिव सुधांशु पंत को 10 फरवरी 2024 को नीलिमा तक्षक के इस अनाधिकार अनैतिक कृत्य के बारे में सूचित किया जा चुका मगर 16 दिन बीतने पर भी कोई समाधान अब तक नहीं निकाला गया है।




एक बड़ा प्रश्न बड़ा प्रश्न मीडिया से कि यूँ तो हर बड़ी प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार रैन बसेरे की तरह सभी विभागों में बीट वाइज़ पड़े रहते हैं और उन विभागों में होने वाली छोटी से छोटी हलचल या किसी भी सनसनीखेज ख़बर को लाकर मुख्य पृष्ठ या ब्रेकिंग न्यूज़ बना देते हैं लेकिन आज तक राजस्थान विश्वविद्यालय की इतनी बड़ी खबर को किस तरह से पचा गए एज्युकेशन बीट पत्रकार ?हालांकि वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने लिए मुख्यमंत्री आवास खाली नहीं करवा पाए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से तो नीलिमा तक्षक का बंगला भक्षक बने रहना आश्चर्य का विषय नहीं है।

20 जुलाई 2023 को अतिरिक्त जिला कलेक्टर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट न्याय जयपुर सेकंड के पद पर तबादला होने के बावजूद आज तक बंगला खाली नहीं किया गया और जनवरी माह में भी आवास खाली करने के लिए नोटिस जारी किया गया था जो कि अंतिम नोटिस था साथ ही किराया भत्ता कटौती की बकाया राशि विश्वविद्यालयकोष में जमा करने के लिए भी आदेशित पत्र था इसके अतिरिक्त सबसे गौर करने वाली बात यह है कि विश्वविद्यालय की कुलपति की ओर से निर्धारित बंगले को खाली करने के लिए मुख्य सचिव सुधांशु पंत को 10 फरवरी को पत्र लिख दिया गया लेकिन 17 दिन बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।विश्विद्यालय प्रशासन की ओर से चार-चार नोटिस देने के बावजूद यूनिवर्सिटी की पूर्व रजिस्ट्रार नीलिमा तक्षक ने बंगला खाली नहीं किया और इतनी बड़ी खबर को बड़े से बड़ा मीडिया पचा गया क्यों और कैसे?

यह वाकया मीडिया के गिरते हुए नैतिक पतन का स्तर दर्शाता है कि एजुकेशन बीट देने वाले किसी भी प्रिंट मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार की नज़र इस तरह की खबर पर आज तक क्यों नहीं पड़ी?

हालांकि सबसे बड़ी देखने वाली बात यह है कि एक जागरूक पत्रकार ने जब सोशल मीडिया फेसबुक और व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म पर जब इस खबर को वायरल किया तब राजस्थान के सो कॉल्ड प्रतिष्ठित अखबार ने 26 फरवरी को चौथे या पांचवें पेज पर इस खबर को डाला।

इस तरह सोशल मीडिया पर होने वाली वायरल खबरों को उठाकर अपना मुख्य पृष्ठ बनाने वाले या ब्रेकिंग न्यूज़ बनाने वाले बड़े-बड़े मीडिया हाउस इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हाउस अपने अस्तित्व को कितना बौना करते जा रहे हैं? बड़े मीडिया हाउस को विभागीय बीट के पत्रकारों और पत्रकारों को अपने मीडिया हाउस में आजकल शायद सामंजस्य नहीं मिलता इसीलिए ख़ास ख़बरें अंधेरे में दम तोड़ रही हैं।पूर्व रजिस्ट्रार नीलिमा तक्षक आखिर सरकारी बंगले की भक्षक क्यों बन पाई क्योंकि मीडिया ने इस खबर को तूल नहीं दिया।

## अवैध निर्माणों,अतिक्रमणों पर मालवीयनगर जोन निगम क्यों नहीं कर रहा कार्यवाही?


प्लॉट न.59, रामगली न.06, 120 वर्गगज पर 7 मंज़िला का अवैध निर्माण


प्लॉट न.84, बापूनगर में लगभग 20 फ़ीट सड़क पर 5 मंज़िला अवैध निर्माण।

### नगर निगम मालवीयनगर जोन ग्रेटर में लगभग 300 से ज़्यादा अवैध निर्माण संचालित हैं मगर मालवीयनगर जोन निष्क्रिय है आख़िर क्यों?

**कार्यालय संवाददाता**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** मालवीयनगर जोन नगर निगम ग्रेटर में अवैध निर्माणों की बाढ़ आ गई है। लगातार बहुमंज़िला इमारतें बिना निगम की अनुमति,ज़ीरो सेटबैक पर खड़ी हो रहीं हैं। नक्शा,ले-आउट प्लान का नामो निशान नहीं। न ही प्लॉट पुनर्गठन करवाया जाता है न ही भू-रूपांतरण।

बिल्डिंग बायलॉज को परे रखकर लगातार बिल्डर्स सकड़ी-सकड़ी सड़कों पर भी आठ-आठ मंज़िला इमारतें बना रहे हैं ऐसे में नगर निगम मालवीयनगर जोन की भूमिका संदिग्ध दिखाई देने लगी है। निगम सर्वेक्षण टीम कैसे काम कर रही है यह जानने हिलव्यू समाचार पहुँचा नगर निगम मालवीयनगर जोन और इस सम्बंध में नगर निगम जेईएन अनिल बैरवा से सीधी बातचीत की गई और चित्रों व वीडियो के माध्यम से उन्हें मालवीयनगर जोन नगर निगम ग्रेटर में चल रहे अवैध निर्माणों व सड़क अतिक्रमणों व सरकारी भूमि पर किये जा रहे अतिक्रमणों के बारे में बताया गया जेईएन अनिल बैरवा से बातचीत के कुछ अंश-

**प्रश्न 01 : मालवीयनगर जोन में चल रहे सैकड़ों अवैध निर्माणों पर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं हुई?**
उत्तर : जोन में चल रहे अवैध निर्माणों का सर्वेक्षण कर लिया गया है और नोटिस जारी कर दिए गए हैं। प्रथम सुनवाई में अगर प्लॉट धारक दस्तावेज़ के साथ जवाब नहीं देगा तो सीजर की कार्यवाही होगी।

**प्रश्न 02 :** बिल्डर्स सड़क पर मटेरियल सामग्री व गार्ड रूम बनाकर यातायात अवरुध्द करते हैं इस पर क्या कार्यवाही करता है निगम?
**उत्तर :** सर्वेक्षण के दौरान अगर यह पाया जाता है तो चालान बनाया जाता है ऐसे बिल्डर्स के नाम।

**प्रश्न 03 : प्लॉट न.59 रामगली न.06 में 120 वर्गगज पर सात मंज़िला अवैध बिल्डिंग बन गयी निगम ने कार्यवाही क्यों नहीं की अब तक?**
उत्तर : ऐसा नहीं है 02 बार नोटिस जारी कर दिया गया है और अब सीजर की कार्यवाही होगी फिर आगे जो निगम उपायुक्त आदेश करेंगे वही कार्यवाही की जाएगी।

**प्रश्न 04:** सीजर के बाद झूठे शपथ पत्र देकर डीएलबी से सील खुलवा ली जाती है ऐसे में निगम की प्रतिक्रिया रहती है?
उत्तर : सीजर खुलवाने के दौरान अवैध हिस्सा हटाने का शपथ पत्र बिल्डर देता है और अगर वह सीजर खुलने के बाद अवैध निर्माण नहीं हटाता है तो दुबारा सीजर की कार्यवाही की जाती है और पेनल्टी भी वसूली जाती है।


मालवीयनगर जोन के जेईएन अनिल बैरवा से सीधी बातचीत


प्लॉट न.12,रामगली नंबर 08,हाईकोर्ट के वकीलों का बोर्ड लगाकर अवैध निर्माण और सड़क पर अवैध कब्जा।

सम्पादकीय

# भ्रमित जानकारी से आईटी नियमों का उल्लंघन न हो

भारत में काम कर रहे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को भारत के कानून, विधिविधान का पालन करना होगा और भारतीय संस्कृति, परंपराओं का सम्मान करना होगा। गूगल पर अपनी ओर से आश्वासन देने के बाद भी भारत व भारतीय को लेकर भ्रमित करने वाली जानकारी देखने को मिल जाती है। बेशक गूगल, फेसबुक, एक्स जैसी कंपनियां अमेरिकी कानूनों के अधीन बनी हुई कंपनियां है, इसके बावजूद अगर उन्हें भारत में काम करना है, तो भारतीय आईटी कानूनों के दायरे में करना होगा। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैमिनी पर पीएम मोदी के बारे में फेक सूचना देने का आरोप लगा है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में जेमिनी एआई के जनरेटेड रिस्पांस के खिलाफ गूगल इंडिया को चेतावनी दी है। राजीव चंद्रशेखर ने अपनी चेतावनी में कहा है कि गूगल ने आईटी एक्ट के नियमों और क्रिमिनल कोड के प्रावधानों का उल्लंघन किया है। किसी भी राष्ट्र प्रमुख का किसी भी रूप में अपमान आईटी नियमों का घोर उल्लंघन है। क्या गूगल अमेरिकी राष्ट्रपति के बारे में अपने एआई टूल पर भ्रमित जानकारी दे सकती है? इसी तरह गूगल को पीएम मोदी के बारे में भी भ्रमित जानकारी देने का कोई हक नहीं है। अगर गूगल ने अपने एआई जैमिनि को प्रोमोट करने के लिए राष्ट्र प्रमुखों के बारे में भ्रमित जानकारी देकर निगेटिव पब्लिसिटी का हथकंडा अपना रहा है तो यह और भी गलत है। देखा गया है कि गूगल का जेमिनी एआई कुछ प्रॉमिनेंट ग्लोबल लीडर्स के बारे में पूछे गए सवालों पर गलत जानकारी देता है, जिसमें पीएम मोदी भी शामिल हैं। इतिहास के कुछ हिस्सों को गलत ढंग से पेश करने के लिए भी गूगल के जेमिनी एआई को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कई जेमिनी एआई यूजर्स ने ऐतिहासिक रूप से कई गलत कंटेंट की इमेजेस सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इस पर गूगल ने सफाई दी थी कि हम पहले से ही जेमिनी के इमेज जनरेशन फीचर में आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं। ऐसा करते समय हम लोगों के इमेज जनरेशन को रोक देंगे और जल्द ही एक बेहतर वर्जन फिर से जारी करेंगे। गूगल ने चैटजीपीटी को टक्कर देने के लिए अपने नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल, जेमिनी को 3 महीने पहले लॉन्च किया था। ये एआई टूल इंसानों की तरह व्यवहार करने के लिए डिजाइन किया गया है। गूगल का दावा है कि जेमिनी समझने, तर्क करने, कोडिंग और प्लानिंग में अन्य मॉडलों से बेहतर काम करता है। कंपनी के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा था कि यह गूगल में एआई के एक नए युग की शुरुआत है। जेमिनी गूगल का लेटेस्ट लार्ज लैंगवेज मॉडल (एलएलएम) है। जेमिनी मैसिव मल्टीटास्क लैंग्वेज अंडरस्टैंडिंग मॉडल (एमएमएलयू) पर बेस्ड है। लार्ज लैंग्वेज मॉडल एक डीप लर्निंग एल्गोरिदम है। इन्हें बड़े डेटासेट का इस्तेमाल करके ट्रेन किया है। इसीलिए इसे लॉर्ज कहा जाता है। यह उन्हें ट्रांसलेट करने, प्रेडिक्ट करने के अलावा टेक्स्ट और अन्य कंटेंट को जनरेट करने में सक्षम बनाता है। लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल को न्यूरल नेटवर्क के रूप में भी जाना जाता है, जो मानव मस्तिष्क से प्रेरित कंप्यूटिंग सिस्टम हैं। लार्ज लैंग्वेज मॉडल को प्रोटीन संरचनाओं को समझने, सॉफ्टवेयर कोड लिखने जैसे कई कामों के लिए ट्रेन किया जा सकता है। भ्रमित जानकारी से आईटी अधिनियम का उल्लंघन न हो।



भाजपा अधिवेशन

प्रो. महेश चंद गुप्ता

# विकसित भारत का राष्ट्र संकल्प

नई दिल्ली में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के साथ-साथ विकसित भारत का सपना साकार करने पर मंथन हुआ है। मोदी हमेशा सशक्त, समर्थ और विकसित भारत की बात करते आ रहे हैं और उस दिशा में उनकी सरकार 2014 से लगातार काम भी कर रही है। भाजपा पिछले दस साल की उपलब्धियों और अपनी नीतियों-कार्यक्रमों के बूते पर चुनाव लड़ेगी। मोदी सांस्कृतिक भारत के पुनरुद्धार के लिए जो काम पिछले दस साल से कर रहे हैं, भाजपा की ओर से यह चुनाव उन कामों के आधार पर लड़ा जाएगा। केंद्र की तमाम योजनाएं राम राज्य की अवधारणा पर आधारित हैं, जिनमें जोर विकसित भारत का राष्ट्र संकल्प पूरा करने पर है।

हाल में नई दिल्ली में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के साथ-साथ विकसित भारत का सपना साकार करने पर मंथन हुआ है। इस मौके पर मोदी ने जो कुछ कहा, वह विचारणीय है। मोदी ने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं। भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प विकसित भारत का है।

मोदी बहुत पहले से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। उन्होंने देश को 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य तय कर रखा है। वह अक्सर कहते हैं कि अब देश न छोटे सपने देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता है। अब सपने भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमें भारत को विकसित बनाना है। मोदी हमेशा सशक्त, समर्थ और विकसित भारत की बात करते आ रहे हैं और उस दिशा में उनकी सरकार 2014 से लगातार काम भी कर रही है। 2014 में 17 करोड़ से ज्यादा नागरिकों ने भाजपा को वोट देकर 282 सीटों के बहुमत से मोदी सरकार बनाई, क्योंकि उन्हें मोदी से एक उम्मीद थी। पांच साल के बाद 2019 में लोकसभा चुनाव में 23 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं ने वोट देकर 303 सीटें भाजपा की झोली में डाल दीं तो सिर्फ इसलिए कि मोदी उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे। इस साल लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ मोदी के नेतृत्व में भाजपा चुनाव मैदान में उतर गई है। इस बार लक्ष्य 400 पार का है लेकिन बड़ा सवाल है कि इतने भारी-भरकम लक्ष्य को भाजपा कैसे अर्जित कर पाएंगी? इसका जवाब राजनीतिक विश्लेषक मोदी की गारंटी के रूप में दे रहे हैं। माना जा रहा है कि मोदी की गारंटी के बूते पर भाजपा केन्द्र में तीसरी बार सरकार बनाएगी।

भाजपा पिछले दस साल की उपलब्धियों और अपनी नीतियों-कार्यक्रमों के बूते पर चुनाव लड़ेगी। मोदी सांस्कृतिक भारत के पुनरुद्धार के लिए जो काम पिछले दस साल से कर रहे हैं, भाजपा की ओर से यह चुनाव उन कामों के आधार पर लड़ा जाएगा। खुद मोदी ने 2024 में भाजपा की 370 सीटों एवं एनडीए की 400 सीटों तथा 66 करोड़ मतदाताओं के वोट मिलने की गारंटी की घोषणा की है। मोदी ने सांस्कृतिक विकास के लिए इतना कुछ किया है, जिसका शब्दों में वर्णन करना मुश्किल है। ऊर्जा, विदेश नीति, सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, सांस्कृतिक पर्यटन के विकास, आर्थिक उन्नति, गरीब कल्याण, महिला उत्थान समेत हर वर्ग के लिए व्यापक काम हुआ है। यह राष्ट्र के लिए कठिन फैसले लेने को दर्शाता है। दुनिया शक्ति की पूजा करती है और मोदी मां भारती को शक्तिशाली बनाने का सपना बाल्यकाल से ही अपने चित्त पर संजोए हुए हैं। कश्मीर से धारा 370 का खात्मा ऐतिहासिक कदम रहा है। दिल्ली में सेंट्रल विस्टा बनना गौरवमयी है। मोदी हर वर्ग की चिंता कर रहे हैं। वह देश के 140 करोड़ लोगों को अपना आराध्य मानते हैं। सात्विक तपस्वी लोगों के संकल्प हमेशा पूरे होते हैं क्योंकि करोड़ों लोगों के संकल्प भी उनके साथ जुड़ जाते हैं। जब मोदी 15 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री रहे, तब भी उन्होंने 'गुजरात विकास मॉडल' देश



को दिया और गुजरात को पूरे विश्व में वाइब्रेंट गुजरात के रूप में स्थापित किया। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद समूचा देश प्रगति पथ पर बढ़ रहा है।

पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने जो कुछ किया है, उससे आम जन मानस की हालत सुधरी है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है परंतु अभी लक्ष्य दूर है, लेकिन अभेद्य नहीं। मोदी इस दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं। मोदी ने 2014 में मेक इन इंडिया कार्यक्रम का श्रीगणेश किया था। देश में रोजगार के अवसर पैदा करने एवं विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह एक तरह का स्वेदशी कार्यक्रम है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत केंद्र सरकार देश के छोटे किसानों को 6 हजार रुपए की सहायता जा रही है। कृषि में ड्रोन के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्नत खेती पर सर्वाधिक जोर है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से देश के जरूरतमंद वर्ग को कितना लाभ पहुंचा, यह किसी से छिपा नहीं है। उज्ज्वला योजना ने महिलाओं के जीवन को किस प्रकार बदल दिया, यह हम देख ही रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा ने हालात बदल दिए हैं। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिसने आम जन को सम्बल प्रदान किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों लोगों का अपने घर का सपना साकार हुआ है। पिछले दस साल में विदेशी मुद्रा भंडार दोगुना बढ़कर 616.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। आरबीआई द्वारा जारी यह आंकड़ा 26 जनवरी 2024 तक का है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इससे विदेशी मुद्रा के मामले में हमारी तरलता बढ़ गई है और किसी भी बाहरी आर्थिक संकट या जोखिम से निपटने में देश पूरी तरह सक्षम है। इसका श्रेय मोदी सरकार की नीतियों में कई बड़े सुधारों, व्यापार संतुलन, नियंत्रित मुद्रास्फीति, स्थिर शेयर बाजार व विदेशी निवेश को है।

जहां मोदी सरकार का 10 साल का बेदाग कार्यकाल सराहनीय है, वहीं 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना अभिनंदनीय है। मोदी ने 'सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास' के तहत शासन व्यवस्था में जिस तरह परिवर्तन की अलख जगाई, उससे समावेशी, विकासोन्मुख और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की ओर कदम बढ़ाना संभव हुआ है। मोदी की दूरदर्शिता के चलते अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने में सफलता मिली है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इस बात पर मुहर लगाई है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत रिकॉर्ड गति से गरीबी को खत्म कर रहा है। एजेंसियों ने इसका श्रेय मोदी सरकार द्वारा गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए लिए गए विभिन्न फैसलों को दिया है। सूर्योदय योजना के तहत गरीब व मध्यम परिवारों के एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगवाने के संकल्प से तथा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा तथा नवीनीकृत एवं ग्रीन एनर्जी से न केवल ऊर्जा संकट दूर होगा बल्कि विश्व से कार्बन प्रदूषण भी कम होगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण ने देश को एक नई ऊर्जा से भर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित राजनीतिक प्रस्ताव में कहा गया है कि केवल राम मंदिर ही नहीं बना है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी ने गत दस सालों में व्यावहारिक रूप से राम राज्य की अवधारणा को लागू कर दिया है। भाजपा के राजनीतिक प्रस्ताव का यह कथन यथार्थ के धरातल पर पूरी तरह खरा उतरता है क्योंकि मोदी श्रीराम के आदर्शों पर चल रहे हैं। सरकार की तमाम योजनाएं राम राज्य की अवधारणा पर आधारित हैं, जिनमें सबका कल्याण, महिला उत्थान, बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग की चिंता शामिल है। अब जोर विकसित भारत का राष्ट्र संकल्प पूरा करने पर है।

(लेखक जाने-माने शिक्षाविद् हैं। आप 44 साल तक दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

माघी मेला विशेष

- डॉ. संजय शुक्ला



# आस्था और संस्कृति का संगम कुंभकल्प - माघी मेला

'धान का कटोरा' छत्तीसगढ़ अपनी बहुआयामी संस्कृति एवं अनगिनत विशेषताओं के कारण पूरे देश में विख्यात है। नैसर्गिक संपदाओं तथा वनाच्छादित पुरावैभव से परिपूर्ण और लोगों के सहज-सरल जीवनशैली के कारण यह अंचल दशकों से शेष देश के लिए बरसों से आस्था एवं आकर्षण का केन्द्र रहा है। मेला-मड़ई इस अंचल की आत्मा है जहां ये मेले लोगों के आस्था और मनोरंजन के स्रोत हैं वहीं ग्रामीण जन-जीवन के लिए वैवाहिक आवश्यकताओं के पूर्ति एवं रोजगार के माध्यम भी हैं। गौरतलब है कि मेले-मड़ईयों का चलन सदियों से रहा है जिसकी अपनी-विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व है। वैसे तो अंचल में अनेक अवसरों पर कई मेले लगते हैं लेकिन माघी पूर्णिमा के दिन राजिम एवं शिवरीनारायण सहित सिरपुर, रतनपुर, सेतगंगा, बेलपान, सेमरसल, कुदुरमाल, रूद्री व सिहावा में लगने वाले मेले उल्लेखनीय हैं। माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक राजिम एवं शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले 'माघी मेले' का ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व है। पन्द्रह दिनों तक चलने वाले इन मेलों का प्रमाण पैराणिक ग्रंथों में भी मिलता है तो दूसरी ओर ऐतिहासिक दस्तावेज इम्पीरियल गजेटियर के अनुसार ये मेले 100 वर्षों से भी ज्यादा पुराने है। गौरतलब है कि राजिम मेले के पौराणिक एवं धार्मिक महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह सरकार ने राजिम मेले का नाम 'राजिम कुंभ' किया था। इस फैसले पर देश के शंकराचार्यो एवं धर्माचार्यो में मतभेद था चूँकि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार केवल चार स्थानों हरिद्वार, इलाहाबाद, नासिक एवं उज्जैन में ही कुंभ मेलों का आयोजन होता है लिहाजा धर्माचार्यों के परामर्श पर राजिम में आयोजित होने वाले माघी मेले को 'राजिम महाकुंभ कल्प' का नाम दिया गया। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपने फैसले में इस मेले का नामकरण 'राजिम माघी पुन्नी मेला' कर दिया था किन्तु वर्तमान भाजपा सरकार ने एक बार फिर इस मेले का नाम 'राजिम कुंभ कल्प' करने का फैसला लिया है। राजिम मेले के संत समागम में देश के प्रमुख शंकराचार्य, महामंडलेश्वर, नागासाधु तथा विभिन्न अखाड़ों के महंत एवं आचार्य शामिल होते हैं। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के नाम से ख्यात शिवरीनारायण जो कि महानदी के तट पर अवस्थित है में आयोजित होने वाला यह मेला धार्मिक आस्था एवं अटूट विश्वास का अद्भुत संगम है। भगवान शबरीनारायण के प्रति अटूट आस्था का प्रमाण है कि हजारों महिला-पुरुष एवं बच्चे दूर-दूर से भगवान के दर्शन के लिए जमीन में लौटते हुए धर्मनगरी शिवरीनारायण आते हैं, मेले में रामनामियों का समागम भी उल्लेखनीय है।

धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध नगरी राजिम को पैराणिक कथाओं में देवपुरी संबोधित किया गया है। यहां भगवान राजीवलोचन का प्रसिद्ध मंदिर है, वस्तुतः भगवान विष्णु राजीवलोचन के रूप में विराजमान हैं पुराणों के अनुसार इस मंदिर का निर्माण 8वीं और 9वीं शताब्दी के आसपास है। मंदिर में काले पत्थर से निर्मित भगवान विष्णु की चतुर्भुजी प्रतिमा है। राजिम एवं शिवरीनारायण मेलों के संबंध में पैराणिक मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन उड़ीसा के जगन्नाथपुरी के भगवान जगन्नाथ शिवरीनारायण में विराजते हैं तथा पुरी के जगन्नाथ मंदिर का पट बंद रहता है, इस दिन उनका भोग शिवरीनारायण के शबरीनारायण मंदिर में लगता है। आदिकाल से शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ के जगन्नाथ धाम की संज्ञा दी गई हैं। यह भी मान्यता है कि इस धर्मनगरी के प्रवास के दौरान चित्रोत्पला-महानदी में स्नानकर भगवान शबरीनारायण और उनके चरण को स्पर्श करते हुए रोहिणीकुंड का दर्शन एवं आचमन से पुण्य और मोक्ष प्राप्त होता है।

प्रचलित परंपरा अनुसार शिवरीनारायण मेले में भगवान शबरीनारायण के दर्शन के बाद राजिम का दर्शन आवश्यक माना गया है क्योंकि यहां साक्षी गोपाल विराजमान हैं। राजिम के महानदी, सोंदूर और पैरी नदी के त्रिवेणी संगम में कुलेश्वर नाथ मंदिर है। कुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़, यज्ञ, होम, प्रवचन, संत कुटीर, स्नान-दान, विभिन्न अखाड़ों के साधुओं के विलक्षण करतब, नागा साधुओं के आशीर्वाद, शाही स्नान, कुंड एवं विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कुंभ पर्व की सार्थकता को सिद्ध करते हैं। गौरतलब है कि महानदी के तट पर स्थित धर्मनगरी राजिम एवं शिवरीनारायण में आयोजित होने वाले मेलों के पौराणिक पृष्ठभूमि पर विचार करें दोनों आयोजनों का व्यापक धार्मिक एवं पौराणिक महत्व है। माघी मेले के दौरान जहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ता है वहीं आंचलिक संस्कृति और पकवानों की महक भी अपनी विशिष्टता बिखेरती है। इन मेलों में सोने-चांदी के जेवरों, कपड़े मनिहारी, बर्तन की दुकानों से लेकर मनोरंजन के लिए सिनेमाघर, सर्कस, झुला इत्यादि साधन उपलब्ध रहते हैं। इस मेले में आने वाला हर श्रद्धालु और पर्यटक ओडिशा संस्कृति की स्वाद लिये हुए स्वादिष्ट 'उखरा' का विशेष मुरीद बन जाता है। गौरतलब है कि आधुनिक विकास की अंधी दौड़ हमारी सदियों पुरानी सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और लोककला को बड़ी तेजी से निगल रही है जिसके चपेट में अब मेले और मड़ई भी आने लगे हैं। छत्तीसगढ़ के इन मेलों पर भी अब शहरीकरण और पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण का प्रभाव दृश्टिगोचर होने लगा है। एक वह दौर था जब बच्चे से लेकर बुजुर्ग इन मेलों का इंतजार पूरे साल भर बेसब्री से करते थे परंतु आज के व्यस्ततम दिनचर्यां, संयुक्त परिवार के बिखराव, आत्मकेंद्रित मनोवृत्ति, मंहगाई एवं मोबाईल फोन के बढ़ते लत की वजह से युवा पीढ़ी से लेकर बुजुर्ग भी मेले जैसे सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से दूर हो रहे हैं। विडंबना यह भी कि इन मेलों में अब पारंपरिक पकवान, आभूषण, शिल्प इत्यादि के स्टाल लगातार खत्म हो रहे है।

# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी




संकलित

दर्शन

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# मंज़िल तक कैसे पहुँचा जाए



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया।

दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### युवाओं का देश-समाज के लिए बहुत योगदान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम में युवाओं से अनुरोध किया था कि वे राम जन्म भूमि में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गीत, भजन, कविता आदि लिखें। प्रधानमंत्री की इस बात पर गौर करते हुए बहुत से युवाओं ने यह काम भी किया। युवाओं का सही मार्गदर्शन किया जाए तो वे देश और समाज के लिए बहुत से नेक काम कर सकते हैं। स्वामी विवेकानंद जी ने युवा शक्ति के बारे में कहा था कि, 'मेरा विश्वास युवा शक्ति पर है। इन्हीं में से मेरे कार्यकर्ता निकलेंगे, जो अपने पराक्रम से विश्व को बदल देंगे।' युवा वर्ग का देश के विकास, देश और समाज में अच्छा बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान होता है।

- संजय पाठक, अंबिकापुर

## करंट अफेयर

# ट्रंप के आने से यूक्रेन की सहायता होगी प्रभावित

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी और उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति लागू करने की संभावना यूक्रेन के लिए 'घातक' साबित हो सकती है। इस साल के अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रस्तावित है। राष्ट्रपति पद के लिए संभावित रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप, यूक्रेन को कोई भी अतिरिक्त सहायता दिये जाने के खिलाफ हैं। ट्रंप का कहना है कि किसी भी अन्य सहायता को अब ऋण के रूप में दिया जाना चाहिए। उन्होंने 24 घंटे में युद्ध समाप्त करने संबंधी अपने इरादे की भी घोषणा की थी और शीघ्र ही शांति का माहौल बनाये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया था। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी, दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली यूक्रेन को बिना किसी शर्त के सहायता जारी रखने का समर्थन करती हैं। उन्होंने कहा कि व्लादिमीर पुतिन की जीत से यूरोप के अन्य देशों, मुख्य रूप से बाल्टिक देशों और पोलैंड में युद्ध छिड़ जायेगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उम्मीदवारी के लिए अमेरिका के तीन राज्यों आयोवा, न्यू हैम्पशायर और नेवादा में जारी मतदान के नतीजों के मुताबिक ट्रंप को बढ़त है, लेकिन संशय अभी भी बरकरार है।



## ऑफ बीट

# प्रियजन की मौत से पहले शोक में चले जाते हैं परिजन

बहुत से लोगों के लिए अपने प्रियजन के किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होने की खबर इतनी सदमा पहुंचाने वाली होती है कि वे उसकी मृत्यु से कई साल पहले ही शोकग्रस्त हो जाते हैं। फिर चाहे यह अग्रिम चरण का कैंसर हो, डिमेंशिया हो, हृदय संबंधी बीमारी या पार्किन्सन हो । मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्तर पर शोक की प्रक्रिया मरीज की मौत से कई महीनों पहले या कई सालों पहले भी शुरू हो सकती है। भविष्य में अपने प्रिय को खोने की आशंका से ग्रसित होकर हर रोज उसका दुख मनाना, अग्रिम शोक कहा जाता है। हालांकि हर किसी को इसका अनुभव नहीं होता, प्रत्याशित दु:ख शोक प्रक्रिया का एक सामान्य हिस्सा है और इसमें परस्पर विरोधी, अक्सर बहुत से कठिन विचार और भावनाएं शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, प्रियजन को खोने की भावनाओं के साथ-साथ, कुछ लोग अपने प्रियजन के दर्द से मुक्त होने की इच्छा रखने या उनके मरने के बाद जीवन कैसा होगा, इसकी कल्पना करने से अपराधबोध का अनुभव कर सकते हैं। लेकिन इसे परिभाषित करना बहुत मुश्किल है। प्रत्याशित दु:ख पर शोध अध्ययनों की एक व्यवस्थित समीक्षा में मृत्यु पूर्व दु:ख के 30 से अधिक विभिन्न विवरणों की पहचान की गई।



## ट्रेंड

### महत्वपूर्ण हिस्सा

काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए केवल उनका संसदीय क्षेत्र नहीं बल्कि उनके दिल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। क्षेत्र के विकास के प्रति उनका समर्पण और परिवारजनों की सेवा के प्रति उनका संकल्प अटूट है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री



### नया नियम

जनता पूछ रही है ऐसी जगहों पर क्या हम भी पैदल जा सकते हैं और फोटो खिंचवा सकते हैं? जनता ये भी जानना चाहती है कि क्या अभी भी 'दो दो गज की दूरी' वाला नियम लागू है या फिर 'दो क़दम पीछे चलने का' नया नियम आया है?

-अखिलेश यादव, सपा नेता



### मजदूरी नहीं बढ़ी

भारतीय अर्थव्यवस्था का 80% से अधिक हिस्सा है जिसमें दिहाड़ी मजदूर, चाय की दुकान के मजदूर, देहरीदार/पल्लेदार शामिल हैं। खाद्य तेल, दाल, डीजल, रसोई गैस की कीमतों में औसत दोगुनी वृद्धि की तुलना में मजदूर की मजदूरी नहीं बढ़ी।

-नवजोत सिंह सिद्धू, कांग्रेस नेता



### उन्हें पसंद है

हम इंस्टाग्राम पर 7 मिलियन सदस्यों का परिवार हैं। मेरे दोस्तों, आपके प्यार, गर्मजोशी, प्रशंसा और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। मैं ऐसे बहुत से लोगों से मिलता हूं जो मुझसे 'विशेष रूप से' कहते हैं कि मैं जो पोस्ट करता हूं, वह उन्हें पसंद है।

-अनुपम खेर, अभिनेता



## इलेक्शन कमीशन की बड़ी चेतावनी: सभी राज्य सरकारों को ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर दिए सख़्त निर्देश, कहा...

# खानापूर्ति के लिए नहीं होने चाहिए आईएएस और IPS के तबादले




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** इलेक्शन कमीशन ने शनिवार को सभी राज्य सरकारों को आईएएस-आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर निर्देश जारी किया। इलेक्शन कमीशन ने सरकार की ओर से हाल ही के दिनों में किए जा रहे प्रशासनिक तबादलों पर आपत्ति जताई।

चुनाव आयोग ने कहा कि कुछ राज्यों में आईएस आईपीएस अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग उसी संसदीय क्षेत्र में कहीं और की जा रही है, जहां वह बीते तीन साल से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यह इलेक्शन कमीशन के पॉल ट्रांसफर पॉलिसी की खानापूर्ति के मकसद से किया जा रहा है।

इलेक्शन कमीशन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वह प्रशासनिक अधिकारियों का ट्रांसफर दूसरे संसदीय क्षेत्र में करें। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुट गया है। सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से नियमित तौर पर बैठकें कर रहा है। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के ट्रांसपोर्टेशन से जुड़े कामों की तैयारियों में जुटा हुआ है।

### पॉल ट्रांसफर पॉलिसी के मुताबिक काम करता है चुनाव आयोग

चुनाव में गड़बड़ियों को रोकने के लिए चुनाव आयोग पॉल ट्रांसफर पॉलिसी के मुताबिक काम करता है। इसके तहत किसी भी एक स्थान पर तीन साल से ज्यादा समय से सेवा दे रहे अफसरों का तबादला दूसरे स्थान पर किया जाता है। चुनाव से पहले सभी राज्यों को इन नियमों को पूरा करना जरूरी होता है। ऐसे में कुछ राज्यों ने चालाकी दिखाते हुए अफसरों का तबादला उसी संसदीय क्षेत्रों में किसी दूसरी जगह पर कर दिया, जहां पर वह पहले से काम कर रहे थे। चुनाव आयोग ने इसी बात पर ध्यान रखते हुए यह निर्देश जारी किया।

### फेक वॉट्सअप ग्रुप को लेकर किया आगाह

इलेक्शन कमीशन ने एक फेक वॉट्सअप ग्रुप को लेकर आगाह किया। दरअसल, एक व्हाट्स एप ग्रुप पर लोकसभा चुनाव 2024 का सारा शेड्यूल जारी किया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट कर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि अभी तक चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। चुनाव आयोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करके लोकसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान करेगा।

**गड़बड़ियों को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति:** इलेक्शन कमीशन ने कहा कि चुनावों को किसी भी तरह की गड़बड़ियों से मुक्त बनाने के प्रति हमारी जीरो टॉलेरेंस की नीति है। मौजूदा समय में कुछ राज्यों में जो ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर हो रहा है वह पॉलिसी के खिलाफ हैं।

## एक नज़र

# दुष्कर्म के आरोपी ने किया आत्महत्या का प्रयास, पैर कटे





**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** रेप पीड़िता को गोली मारकर फरार हुए आरोपी ने सोमवार को जयपुर में ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। ट्रेन की चपेट में आने से आरोपी के पैर कट गए। बदमाश को लहूलुहान हालत में पुलिस ने एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया है।

जानकारी के अनुसार 25 साल की रेप पीड़िता पर हमला करने वाले राजेंद्र यादव (33) को पुलिस ने मालवीय नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। सोमवार सुबह 7 बजे वह रेलवे लाइन पर घायल मिला। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर कट गया था। दूसरे पैर पर भी चोट लगी है। उसे सुबह 7.30 बजे एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया। जबकि हमले में घायल पीड़िता भी एसएमएस अस्पताल में मौत और जिंदगी की जंग लड़ रही है। प्रागपुरा में शनिवार को हमले में घायल युवती को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया था।

### पीड़िता से मिले मुख्यमंत्री

कई नेताओं ने सोमवार को एसएमएस अस्पताल में भर्ती पीड़िता व परिजनों से मिलकर हालचाल जाना। सीएम भजनलाल शर्मा ने भी देर शाम अस्पताल में पीड़िता से मुलाकात की। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मंत्री राज्यवर्धन राठौड़, विधायक बालमुकुंद आचार्य, पूर्व मंत्री रघु शर्मा, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़, विराटनगर से पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर भी पहुंचे। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने चिकित्सकों से पीड़िता की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कांग्रेस ने रघु शर्मा, धर्मेंद्र राठौर, संगीता बेनीवाल और इंद्राज गुर्जर की कमेटी बनाई है।

## युवा वैज्ञानिकों का भविष्य बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: शर्मा

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी, जयपुर परिसर में सोमवार को राजस्थान विज्ञान महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि वन, पर्यावरण एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री संजय शर्मा रहे। तीन दिवसीय तक आयोजित होने वाले राजस्थान विज्ञान महोत्सव का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, युवाओं और उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना है, जिससे विज्ञान के क्षेत्र में नवीन आयाम स्थापित किये जा सकें। कार्यक्रम में मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि युवा वैज्ञानिकों के प्रोत्साहन के लिए वैज्ञानिक और शिक्षाविदों के मध्य संवाद की यह पहल बेहद सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए शोध के क्षेत्र में कार्य करने के लिए उन्हें दिशा प्रदान करेगा। सरकार की 100 दिवसीय कार्य योजना में गत वर्षों से बंद बड़ी परियोजनाओं के तहत न्यूक्लियर पावर गैलरी के लिए 2 फरवरी को मॉडल की स्थापना के लिए एमओयू किया गया है। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली यह गैलरी जयपुर के रीजनल साइंस सेंटर में बनकर शीघ्र ही शुरू होने वाली है। आगामी कुछ दिनों में इनोवेशन हब और मिनी आईटी गैलरी का लोकार्पण भी लोक क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान उद्यान जयपुर में किया जाएगा।

## सीएम शर्मा ने पचपदरा रिफाइनरी की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# रिफाइनरी को दीपावली तक शुरू करने पर CM का जोर



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को बालोतरा स्थित पचपदरा रिफाइनरी के कार्य में तेजी लाते हुए इसे दीपावली से पहले शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रिफाइनरी में बनने वाले उत्पादों की ब्रिकी समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के लिए एचपीसीएल को निवेशकों से लॉन्ग टर्म सप्लाई समझौते अभी से करने को भी कहा है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने सोमवार को सीएम कार्यालय में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड के साथ पचपदरा रिफाइनरी की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पचपदरा रिफाइनरी में 9 एमएमटीपीए क्रूड ऑयल एवं 2.4 एमएमपीटीए पेट्रो-कैमिकल को प्रोसेस करने की क्षमता विकसित की जा रही है। इसमें अपनी तरह का पहला इंटीग्रेटेड ग्रास रूट रिफाइनरी कम पेट्रो-कैमिकल कॉम्पलेक्स स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान में परियोजना में 4 युनिट्स एवं 7 पैकेजेज में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफाइनरी परियोजना से प्रदेश में औद्योगिक क्रांति की शुरूआत होगी।

इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। वर्तमान में लगभग 24 हजार प्रत्यक्ष एवं 35 हजार अप्रत्यक्ष लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परियोजना से राज्य को प्रतिवर्ष लगभग 6 हजार करोड़ रुपए का राजस्व भी मिलेगा। साथ ही, राजस्थान प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रमुख केन्द्र बनकर उभरेगा। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, खान एवं पेट्रोलियम सचिव आनंदी, खान एवं भूविज्ञान निदेशक भगवती प्रसाद कलाल, एचपीसीएल के सीएमडी पुष्प जोशी एवं एचआरआरएल के सीईओ कमलाकर विखर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग हो

बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि इस परियोजना में पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त 35 पेट्रो-कैमिकल व अन्य पदार्थों का उत्पादन होगा। इन उत्पादों से बनने वाले पदार्थों की संख्या तीन गुना से अधिक हो सकती है। मुख्यमंत्री ने एचपीसीएल को इन उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इससे रिफाइनरी शुरू होने से पहले ही इस क्षेत्र में इंडस्ट्रीज स्थापित हो सकेगी।

### उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग हो

बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि इस परियोजना में पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त 35 पेट्रो-कैमिकल व अन्य पदार्थों का उत्पादन होगा। इन उत्पादों से बनने वाले पदार्थों की संख्या तीन गुना से अधिक हो सकती है। मुख्यमंत्री ने एचपीसीएल को इन उत्पादों की प्रभावी मार्केटिंग करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए। इससे रिफाइनरी शुरू होने से पहले ही इस क्षेत्र में इंडस्ट्रीज स्थापित हो सकेगी।

## सामाजिक न्याय मंत्री ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

# अव्यवस्था पर अधीक्षक सस्पेंड



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को टोंक में देवली और निवाई में राजकीय अंबेडकर छात्रावासो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान देवली स्थित छात्रावास में कोई छात्र उपस्थित नहीं पाया गया, वहीं निवाई में निरीक्षण के दौरान 4 छात्र फर्जी तरीके से छात्रावास में रहते मिले।

इस पर गहलोत के आदेशानुसार छात्रावास अधीक्षक राजेंद्र चौधरी को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि दुर्गापुरा ढाणी स्थित अनुसूचित जाति छात्रावास के औचक निरीक्षण के दौरान भी कोई छात्र उपस्थित नहीं पाया गया। छात्रावास में 50 स्टूडेंट्स हैं इनमे से 38 स्टूडेंट का हॉस्टल में नामांकन है एवं रजिस्टर चेक करने पर 25 की उपस्थिति मिली, लेकिन हॉस्टल में एक भी स्टूडेंट नहीं था। इस दौरान वॉर्डन भागचंद चौधरी से इस सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इसके बाद अविनाश गहलोत राजकीय अंबेडकर छात्रावास निवाई के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्हें 13 छात्रों में से 4 फर्जी पाए गए। छात्रावास अधीक्षक राजेंद्र चौधरी ने रजिस्टर में 39 बच्चों का रजिस्ट्रेशन दिखाया हुआ था। अनियमिताओं की जांच के लिए राजेन्द्र कुमार शर्मा, उप निदेशक (छात्रावास), मुख्यालय को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# वैभव ने दिया इस्तीफा... पूर्व सीएम गहलोत बरसे सरकार पर

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** सत्ता बदलते के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसका जिक्र उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से किया। वैभव ने एक्स अकाउंट पर अपने इस्तीफे की घोषणा की और बताया कि उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश भी किया गया है। पिछले कुछ दिनों से आरसीए में राजनीति देखने को मिल रही थी। हाल ही में खेल परिषद ने आरसीए से सवाई मानसिंह स्टेडियम और होटल भी छीन लिया था। इसी के साथ ग्राउंड से भी आरसीए का कब्जा हटा दिया गया था।



### वैभव बोले... मेरे लिए पद नहीं, क्रिकेट महत्वपूर्ण

वैभव ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया गया है। इस संबंध में मुझे इतना कहना है कि RCA के किसी भी पदाधिकारी या सदस्य ने मुझसे चर्चा नहीं की। ना ही किसी मुद्दे पर असहमति व्यक्त की अन्यथा मैं तो पहले ही अपना इस्तीफा दे चुका होता। मेरे लिए पद नहीं, राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों का भविष्य महत्वपूर्ण है। इस पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। मैं भविष्य में राजस्थान की क्रिकेट, क्रिकेटरों, क्रिकेट प्रेमियों के हितों के लिए सदैव उपलब्ध रहूंगा।

## उपकरणों के मेंटेनेंस को लेकर बैठक

# अब अचानक नहीं होगा मशीनों का ब्रेकडाउन, नियमित होगी मरम्मत

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा कि प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना के तहत रोगियों की जांचें सुचारू रूप से हों।

इसके लिए सुनिश्चित किया जाए कि जांच मशीनों का नियमित रिपेयर एवं मेंटीनेंस हो ताकि मशीनें अचानक ब्रेकडाउन नहीं हों। उन्होंने कहा कि मेंटीनेंस की बेहतरीन व्यवस्था के लिए देशभर में उपयोग की जा रही बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रदेश में भी अपनाया जाएगा। गिरि सोमवार को आरएमएससीएल बोर्ड रूम में जांच मशीनों के खराब होने एवं इनके ठीक होने में लगने वाले समय को लेकर समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जांच मशीनों का शत-प्रतिशत रिपेयर एवं मेंटीनेंस ई-उपकरण सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाए। इससे मेंटीनेंस में लगने वाले समय की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और चिकित्सा संस्थानों में जांच व्यवस्था बेहतर हो सकेगी। हमारा प्रयास हो कि जांच उपकरणों की मेंटीनेंस में लगने वाला समय न्यूनतम स्तर पर आए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना के नोडल अधिकारी डॉ. केसरी सिंह, नेशनल हैल्थ सिस्टम रिसोर्स सेन्टर के सलाहकार डॉ. रंजन चौधरी व वरिष्ठ सलाहकार अजंन्य शाही, आरएमएससीएल के ईडीईपीएम आकाश आलाह, राजमेस की उप निदेशक डॉ. वन्दना शर्मा, आरएमएससीएल के आईटी प्रभारी विक्रम सांखला, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एनॉटमी विभाग के डॉ. नन्दलाल व सर्जरी विभाग के डॉ. राजेन्द्र बागडी सहित केटीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ नवील प्रसाद व जनरल मैनेजर हरीश शर्मा भी उपस्थित थे।




**आपातकालीन उपकरणों को प्राथमिकता:** प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि जांच उपकरणों को श्रेणीवार विभाजित कर उसके मेंटीनेंस की समय सीमा निर्धारित की जाए। आपातकालीन एवं अति आवश्यक प्रकृति के उपकरणों के मेंटीनेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसमें किसी भी तरह की देरी नहीं हो। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में जांच उपकरणों के उपयोग एवं सामान्य रख-रखाव को लेकर आवश्यक गाइड लाइन उपलब्ध करवाएं और इसे उपयुक्त स्थान पर चस्पा भी करें, ताकि सामान्य रख-रखाव के अभाव में उपकरण खराब नहीं हों।

### 36 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण

प्रबंध निदेशक ने उपकरणों को स्थापित करते समय आवश्यक परिचालन संबंधी दिशा निर्देश के मॉनिटर करने पर बल दिया। गिरि ने कहा कि जो उपकरण बार-बार खराब हो रहे हैं, उनके खराब होने के कारण चिह्नित करें। साथ ही ऐसे उपकरण जो उपयोग योग्य नहीं हैं, उन्हें नाकारा घोषित करने की कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने सर्विस प्रदाता कम्पनियों के साथ बेहतर तालमेल कर उपकरणों के मेंटीनेंस में लगने वाले समय को कम करने पर जोर दिया। स्टेट नोडल आफिसर इन्वेंट्री डॉ. प्रेम सिंह ने उपकरणों के रिपेयर एवं मेंटीनेंस से संबंधित वस्तुस्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि ई-उपकरण के माध्यम से अब तक जांच एवं अन्य उपकरणों से संबंधित 36 हजार 121 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। बैठक में मेंटीनेंस से जुड़े विषय विशेषज्ञों एवं सर्विस प्रदाता कम्पनी के प्रतिनिधियों ने आवश्यक सुझाव दिए।

## जिले के नवनियुक्त CMHO ने किया कार्यभार ग्रहण



**जयपुर**। स्वास्थ्य महकमें में तबादलों के बाद जिले में दोनों सीएमएचओ को बदला गया है। नए सीएमएचओ ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। सीएमएचओ जयपुर प्रथम के पद पर डॉ. रवि शेखावत ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान कार्यालय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। इस अवसर उन्होंने कहा कि राज सरकार की योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी आपसी समन्वय से कार्य करें।

### ड्राफ्ट प्लान में 163.5 हेक्टेयर भूमि लेने की तैयारी

# लैंड पूलिंग स्कीम में लोगों की ज़मीन लेकर विकास करेगा जेडीए

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। जयपुर विकास प्राधिकरण ने प्रदेश की पहली लैंड पूलिंग स्कीम को लेकर ड्राफ्ट प्लान जारी कर दिया है। पुराने टोंक रोड पर ग्राम शिवदासपुरा, चंदलाई और बरखेड़ा में यह स्कीम प्रस्तावित है। लगभग 163.5 हेक्टेयर भूमि पर लाई जाने वाली लैंड पूलिंग स्कीम पर कुल 223 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस राशि से यहां सड़क, रोड लाइट, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इस स्कीम को लेकर अगले 30 दिनों में आपत्ति और सुझाव दिए जा सकेंगे। शिवदासपुरा, चंदलाई और बरखेड़ा में प्रस्तावित इस स्कीम में 40 फीट से लेकर 200 फीट चौड़ी सड़कें प्रस्तावित की गई हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किए गए ड्राफ्ट के अनुसार खातेदारों को जमीन के बदले 35 से 55 प्रतिशत विकसित भूमि बतौर मुआवजा मिल सकेगी।

वहीं नीलामी के लिए जेडीए को 10 प्रतिशत जमीन मिलेगी। मास्टर प्लान में स्कीम की अधिकतर जमीन का भू उपयोग आवासीय है। इसके साथ ही रीक्रिएशनल, सार्वजनिक और अर्द्ध सार्वजनिक उपयोग है। स्कीम को धरातल पर उतारने में जितना खर्च आएगा, उसमें जमीन के खातेदारों से भी हिस्सेदारी लेने का प्रावधान किया है। गौरतलब है कि बेतरतीब विकास से बचने और नियमन संबंधी दिक्कतों को दूर करने के लिए सरकार ने राजस्थान लैंड पूलिंग स्कीम बिल 2016 पारित करवाया था। इसमें जमीन मालिक से ली गई जमीन के बदले 35 से लेकर 55 प्रतिशत तक विकसित जमीन देने का प्रावधान किया गया।

कॉलोनियों में बसावट और सुविधा क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए यह बिल लाया गया था। लैंड पूलिंग की कार्रवाई केवल नगरीय क्षेत्रों में मास्टर प्लान के हिसाब से बसावट और विस्तार के साथ ही ग्रीन फील्ड विकास के तहत हरी-भरी कॉलोनियां बसाने के लिए किया जाना प्रस्तावित था।




### ये है लैंड पूलिंग एक्ट

राजस्थान में लैंड पूलिंग एक्ट के अनुसार किसी बसावट में सरकारी एजेंसी या प्राइवेट बिल्डर जितने भी लोगों की जमीन लेंगे वह सहमति से ली जाएगी। जिन भूखंडों के लिए सहमति नहीं बनेगी, वहां लैंड एक्विजिशन एक्ट के तहत जमीन लेकर उसका मुआवजा दिया जाएगा। सहमति से जमीन सरेंडर करने पर लैंड पूलिंग एक्ट के तहत जमीन क्लब मानी जाएगी। मसलन, अगर किसी स्कीम में 10 लोगों की जमीन ली जा रही है तो ऐसे में उस जमीन को सभी 10 भूखंड मालिकों का समान हिस्सा मानते हुए लैंड पूलिंग मानी जाएगी। उन्हें 35 से लेकर 55 प्रतिशत तक जमीन विकसित कर सौंपी जाएगी।

### पहल: मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिखाई वेटरनरी वैन को हरी झंडी

# अब पशुओं के लिए 'डोर स्टेप' पर पहुँचेगा चलता-फिरता अस्पताल

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राजस्थान में पशुपालकों को अब घर बैठे पशु चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। दूर दराज के ऐसे इलाके जहां वेटरनरी अस्पताल नहीं होने के चलते बीमार पशुधन काल का ग्रास बन जाता है, उन इलाकों में पशुओं के इलाज की सुविधा 'डोर स्टेप' पर पहुंचेगी। इसके लिए शनिवार को मोबाइल वेटरनरी इकाइयों की शुरुआत की गई। सीएम भजनलाल शर्मा ने ओटीएस परिसर से दोपहर 12.15 बजे गाय की पूजा कर 21 वैन यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ समेत पशुपालन विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।




### जयपुर जिले को मिलेंगी 28 वैन

राजस्थान में कुल 536 वैन की सुविधा दी गई है। इसमें 28 जयपुर जिले में मौजूद रहेंगी। वर्तमान में राजस्थान में पशुओं की संख्या लगभग 5.67 करोड़ है। मोबाइल वेटरनरी यूनिट के डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल ने बताया कि प्रति एक लाख पशुओं पर एक वैन की सुविधा दी गई है। इन वैन का संचालन सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के सहयोग से होगा। इसमें केंद्र की 60 प्रतिशत और स्टेट की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### प्रदेशभर में सेवा देंगी 536 वेटरनरी वैन, सबमें मौजूद रहेंगे तीन कर्मचारी

#### हर वैन में जांच से इलाज तक की सुविधा

प्रदेश में कुल 536 वैन की सुविधा शुरू की गई है। इसके साथ ही पशुपालकों के लिए 1962 हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। यह वैन उन इलाकों में पशुपालकों को सुविधा उपलब्ध कराएंगी जहां वेटरनरी हॉस्पीटल की सुविधा उपलब्ध नहीं है। हर वेटरनरी वैन में हमेशा पशुओं को हर तरीके का इलाज देने के लिए ट्रेंड तीन कर्मचारियों का स्टाफ मौजूद रहेगा। वैन में एक वेटरनरी डॉक्टर, एक कंपाउंडर (पशुधन सहायक) और एक ड्राइवर कम अटेंडेंट मौजूद रहेगा। साथ में वैन में हर वक्त 137 दवाइयां, इंस्ट्रूमेंट, एक फ्रिज भी रहेगा। हर वैन में रेबीज वैक्सीन सहित अन्य विभिन्न वैक्सीन भी मिलेंगी। साथ ही एक छोटी सी लैब की सुविधा भी वैन में बनाई गई है। इससे मौके पर ही ब्लड सैंपल लेकर रोग का इलाज किया जा सकेगा। वैन में एक छोटी सर्जिकल टेबल और पैक मौजूद हैं। इसकी मदद से माइनर ऑपरेशन भी फील्ड में किया जा सकेगा। एक तरह से हर वैन एक चलता-फिरता हॉस्पिटल होगी।



## एक नज़र

### जोधपुर पहुंचे भाजपा नेता राठौड़ बोले

# दावा पेश नहीं करूँगा, पार्टी कहेगी तो लड़ूँगा लोकसभा चुनाव



**हिलव्यू समाचार**

**जोधपुर**। भाजपा नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने लोकसभा का चुनाव लड़ने की मंशा जताई है। एक निजी कार्यक्रम में जोधपुर पहुंचे राठौड़ ने कहा कि मैं किसी तरह को कोई दावा नहीं करूंगा, पार्टी कहेगी तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगा।

विधानसभा चुनाव में हुई हार पर उन्होंने कहा कि राजेंद्र राठौड़ एक जमीनी कार्यकर्ता है। पहली बार हार का फल चखा है, खट्टा भी है, मीठा भी है। स्वाद भी है और बेस्वाद भी है। शहर के पांच बत्ती रास्ता स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में राठौड़ ने राजसमंद सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि अगर पार्टी मौका देगी तो चुनाव लड़ूंगा, लेकिन इसको लेकर दावा नहीं करूंगा। पार्टी अगर बूथ स्तर संभालने की जिम्मेदारी देगी तो वह भी करूंगा।

राठौड़ ने पिछली गहलोत सरकार पर योजनाओं के नाम पर पर प्रदेश को कर्ज में डुबोने का आरोप लगाया। इससे पहले जोधपुर एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मुद्दे पर राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर पुत्र मोह का तंज कसा। उन्होंने कहा कि आरसीए सरकारी जमीन और ऑफिस का उपयोग कर रहा था। कई बार सरकार की ओर से बकाया चुकाने के नोटिस दिए गए, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।

सरकार खैरात नहीं बांट सकती है। गहलोत पुत्र मोह में क्या बयान दे रहे, उन्हें खुद ही पता नहीं। कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि जो भी नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं, वे बिना शर्त शामिल हो रहे हैं। वे पार्टी की कार्यप्रणाली और भाजपा सरकार में प्रदेश में हो रहे विकास को देखकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। राजेंद्र राठौड़ शेरगढ़ में एक स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने राजेंद्र राठौड़ को आर्मी के जवान की तरह सैल्यूट किया। यह वीडियो काफी चर्चा में रहा।

### सरपंच पति व अन्य पर केस दर्ज

# सांभर झील में कार्रवाई के दौरान टीम पर हमला कर जब्त सामान छुड़ाया



**हिलव्यू समाचार**

**कुचामनसिटी**। नावां सांभर झील में अवैध गतिविधियों को लेकर कार्रवाई करने गई टीम पर खाखड़की गांव के कुछ लोगों ने वाहन चढ़ाने का प्रयास किया और टीम की ओर से जब्त सामानों को फिर से छुडा कर ले गए। इस संबंध में नायब तहसीलदार रामरतन रेगर और सांभर अधिकारी रक्षपाल सिंह खंगारोत ने नामजद खाखड़की सरपंच के पति ओमप्रकाश, मनोज व रितेश सहित 5-7 अन्य लोगों के खिलाफ राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया है।

इस संबंध में पुलिस को नायब तहसीलदार की ओर से दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि सांभर साल्ट के महाप्रबंधक ने एसडीएम को दूरभाष पर बताया कि नोरतमल चौधरी के ट्रैक्टर लोडर से सांभर झील क्षेत्र के खसरा नम्बर 2/1 खाखड़की क्षेत्र में बोरवेल के लिए मोटर व पाइप डाले जा रहे हैं। इस पर नायब तहसीलदार रामरतन रैगर मौके पर पहुंचे। वहां लोडर खड़ा था और कुछ लोग बोरवेल में मोटर डाल रहे थे। इस दौरान टीम ने वहां से एक बोरवेल, मोटर, बिजली के तार, ट्रैक्टर और लोडर जब्त किया। सांभर साल्ट के अधिकारी के साथ टीम मौके से रवाना हुई। इसी दौरान खाखड़की सरपंच का पति ओमप्रकाश, मनोज, रितेश और 5-7 दूसरे लोगों ने वहां पर आकर गाली गलौज शुरू की। आरोपियों ने उनकी गाड़ी के आगे ट्रैक्टर- लोडर लगा दिया और ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख आरोपी ट्रैक्टर, लोडर और जब्त सामान लेकर खाखड़की गांव में चले गए। नायब तहसीलदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहनों को क्षति पहुंचाने व राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज किया।

### आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के शिलान्यास में शिक्षा मंत्री बोले...

# दुराचारी टीचर्स की संपत्ति करेंगे नेस्तनाबूद... खंगाल रहे कुंडली

**हिलव्यू समाचार**

**बाड़मेर**। सरकारी स्कूलों में छात्राओं या अध्यापिकाओं से दुराचार करने वाले शिक्षक अब सरकार के निशाने पर हैं। इसको लेकर सोमवार को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बाड़मेर में कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करने वाले टीचर्स की कुंडली तैयार करा रहा हूं। उनकी संपत्तियों की पहचान कर नेस्तनाबूद करूंगा। शिक्षा मंत्री दिलावर, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा दोपहर 1 बजे बाड़मेर में आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान के स्कूल के भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि मैंने संकल्प लिया है, जिन टीचर्स ने माताओं-बहनों का अपमान और दुराचार किया है, उनकी कुंडली तैयार करवा रहा हूं। उन्होंने अगर अवैध तरीके से या सरकारी नियमों के विपरीत संपत्ति बनाई है तो उसे नेस्तनाबूद करूंगा। उन्होंने पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि ऐसे टीचर्स की सूची तैयार करें, ताकि शिक्षा के क्षेत्र से दुराचारियों का नाश हो। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बोले आज वीर सावरवकर की पुण्यतिथि है, उनको नमन करता हूं। वीर सावरकर को आजीवन कारवास की सजा मिली। वे महान क्रांतिकारी थे। देश आजाद होने के बाद भी वे जेल में रहे। कुछ राजनीतिक पार्टियों के लोग कहते हैं कि वे अंग्रेजों के एजेंट थे। इसलिए उन्होंने जमानत पर आने के लिए माफी मांगी थी। ऐसा कहने वाले देश के दुश्मन हैं। वीर सावरकर हमारे आदर्श और प्रेरणा पुंज हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।




### आजाद व भगतसिंह को आतंकी पढ़ाया

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि देश में कई सरकारें ऐसी रहीं, जिन्होंने देश के वास्तविक इतिहास को भुलाने का प्रयास किया। ऐसा पाठ्यक्रम किताबों में डाला। आपने और मैंने भी पढ़ा कि अकबर महान था। शिवाजी पहाड़ी चूहा थे, चंद्रशेखर आजाद, भगतसिंह आतंकवादी थे। यह पढ़ाकर हमको क्या देना चाहते थे, यह समझ में नहीं आया। अकबर मीना बाजार लगा कर सुंदर माताओं और बहनों को उठाकर ले जाता था और उनके साथ रेप करता था तो वो महान कैसे हो गया। वो तो आंक्राता, दुराचारी, बलात्कारी था। इसलिए अकबर को सिलेबस में डालने वालों से ज्यादा निष्कृष्ट कोई नहीं हो सकता। जिन सरकारों ने इनको मान्यता दी वह भी ठीक नहीं किया है। मैं चाहता हूं कि अब किसी भी जगह पर अकबर महान नहीं पढ़ाया जाना चाहिए, उसे दुराचारी ही पढ़ाया जाए।

### दुराचार करने वाला टीचर नहीं राक्षस

मंत्री दिलावर ने कहा कि टीचर मां-बाप से ज्यादा सम्मानित व्यक्ति होता है। टीचर बच्चों के साथ दुराचार करे तो वह टीचर नहीं राक्षस है। राजस्थान सरकार ने निर्णय लिया है कि ऐसे जितने भी टीचर हैं जिन्होंने माता-बहनों का अपमान-दुराचार किया है। ऐसे सब लोगों की कुंडली तैयार कर रहा हूं। उनकी अवैध संपत्ति को नष्ट करूंगा। यह संकल्प लिया है। पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारी समन्वय कर ऐसे लोगों की सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि संस्कृत व सामान्य स्कूल के करीब 80 हजार टीचर हैं। इसमें लगभग 1 करोड़ के आसपास स्टूडेंट्स पढ़ते हैं। कुछ लोगों ने सरकारी स्कूलों को बदनाम कर रखा है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि टीचर को घर से पढ़कर स्कूल जाना चाहिए। अधिकांश टीचर खुद पढ़कर नहीं आते। ऐसे में वे स्टूडेंट्स की शंका का समाधान नहीं कर पाते। वे प्रश्न टालने का प्रयास करते हैं। इस मौके पर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल, भाजपा नेता स्वरूप सिंह खारा, दीपक कड़वासरा और संस्थान के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### समाचार पत्र हिलव्यू समाचार के स्वामित्व एवं अन्य विषयों में सम्बन्धित विवरण

घोषणा (फार्म 4)

1. प्रकाशन स्थल - जयपुर
2. प्रकाशन अवधि - साप्ताहिक
3. मुद्रक का नाम - शालिनी श्रीवास्तव
   क्या भारत का नागरिक है - हाँ
   पता - प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004
4. प्रकाशक का नाम - शालिनी श्रीवास्तव
   क्या भारत का नागरिक है - हाँ
   पता - प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004
5. संपादक का नाम - शालिनी श्रीवास्तव
   क्या भारत का नागरिक है - हाँ
   पता - प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004
6. स्वामी या उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक से साझेदार या हिस्सेदार हों -

मैं शालिनी श्रीवास्तव एतद् द्वारा घोषित करती हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

**जयपुर**
**28 फरवरी, 2024**

**हस्ताक्षर**
शालिनी श्रीवास्तव
प्रकाशक



# आयुष की 'रुसलान' का प्री-टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म अंतिम से फैंस का दिल जीतने वाले कलाकार आयुष शर्मा आने वाले समय में फिल्म 'रुस्लान' में दिखाई देंगे। लंबे समय से इस मूवी का लेकर सलमान खान के बहनोई का नाम चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में 'रुस्लान' को लेकर अब एक बड़ा लेटेस्ट अपडेट सामने आया है। मेकर्स की तरफ से आयुष शर्मा की इस फिल्म का प्री-टीजर लॉन्च कर दिया गया है, जिसमें आयुष धमाकेदार एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। सलमान खान के साथ फिल्म अंतिम में जिस तरह से आयुष शर्मा ने अपने अभिनय का हुनर दिखाया, उससे हर कोई उनका दीवाना हो गया। इसके बाद फैंस उन्हें और भी कई मूवीज में देखने के लिए बेताब हो गए।



लाइफ Style

# जान्हवी कपूर

## 'देवारा' के लिए सीख रही हैं तेलुगू


एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी नई पारी शुरू करने जा रही हैं। उनकी डेब्यू मूवी का नाम 'देवारा' है, जिसके पहले पार्ट में वो जूनियर एनटीआर संग नजर आएंगी। सैफ अली खान विलेन के रोल में होंगे।

फिल्म इस साल अक्टूबर महीने में रिलीज होगी, लेकिन इससे पहले जान्हवी ने बताया कि इस फिल्म के जरिए वो अपनी जड़ों की तरफ जा रही हैं, क्योंकि वो तेलुगू सीख रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में जान्हवी ने अपनी अपकमिंग मूवी 'देवारा' के बारे में बात की और कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं, क्योंकि इस फिल्म के जरिए वो अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं। मालूम हो कि जान्हवी की मां श्रीदेवी ने जूनियर एनटीआर के दादा एनटी रामा राव के साथ साउथ इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत की थी। ये कहना गलत नहीं होगा कि जान्हवी अपनी मां के नक्शे कदम पर चल रही हैं। उन्होंने कहा, 'मैं इंजॉय कर रही हूं कि मैं इस फिल्म का हिस्सा हूं, जो मुझे भाषा सीखने का मौका दे रही है और ये मुझे ऐसा महसूस करा रही है कि जैसे मैं अपनी जड़ों के करीब आ रही हूं।'

जान्हवी ने कहा, 'मैंने कभी तेलुगू नहीं सीखी। ये एक ऐसी चीज है, जिस पर मुझे शर्म आती है। मैं इसे फोनेटिकली समझ सकती हूं, लेकिन बोल नहीं सकती। हां, मुझे इसका बहुत पछतावा हुआ। मैं पिछले कुछ समय से इस हिस्से के प्रति लापरवाही बरत रही हूं, लेकिन 'देवारा' टीम बहुत धैर्यवान और मददगार है।

हॉलीवुड मसाला



# 61 की उम्र में ब्रेकअप

**लॉस एंजिलिस।** टॉप गन 2 कलाकार टॉम क्रूज हॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार हैं। अक्सर टॉम अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा का विषय बने रहते हैं। इस बीच टॉम क्रूज को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है की 61 साल के इंग्लिश फिल्म अभिनेता और उनकी 36 वर्षीय रूस की गर्लफ्रेंड एल्सिना खैरोवा के साथ रिश्ते में खटास पैदा हो गई है, जिसके चलते इन दोनों के ब्रेकअप की खबर इस समय जमकर सुर्खियां बटोर रही है।




# नॉमिनेशन नहीं होने पर हुई तकलीफ

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड मूवी 'बार्बी' ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर खूब तबाही मचाई। इसने ग्लोबल लेवल पर 8 हजार करोड़ से ज्यादा की कमाई की। हर तरफ इसकी चर्चा हुई। यहां तक कि दो गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी झटके। हालांकि, लोगों को तब बहुत हैरानी हुई, जब ऑस्कर में इसे बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में जगह नहीं मिली। अब डायरेक्टर ग्रेटा गेरविग ने इसको लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। ग्रेटा गेरविग ने कहा, 'निश्चित रूप से मैं इसे मार्गोट (रॉबी) के लिए चाहती थी, लेकिन मुझे खुशी है कि हम सभी वहां एक साथ हैं। एक दोस्त की मां ने मुझसे कहा, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि तुम नॉमिनेटेड नहीं हो।' लेकिन मैंने कहा, 'लेकिन मैंने किया। मुझे ऑस्कर नॉमिनेशन मिला।'



# 23 साल की उम्र में खरीदी करोड़ों की प्रापर्टी

**मुंबई।** सुहाना खान की पहचान अब सिर्फ शाह रुख खान की बेटी ही नहीं बल्कि बी टाउन एक्ट्रेस के तौर भी बन गई है। डायरेक्टर जोया अख्तर की ओटीटी फिल्म द आर्चीज के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखने वालीं सुहाना का नाम इस समय लगातार सुर्खियां बटोर रहा है, जिसकी वजह उनके जरिए खरीदी गई करोड़ों रुपये की प्रोपर्टी बताई जा रही है। खबर है कि मुंबई के निकट अलीबाग इलाके में शाह रुख खान की बेटी ने नई संपत्ति खरीदी है। सुहाना ने मुंबई के पास अलीबाग में एक करोड़ों कीमत वाली प्रोपर्टी को खरीदा है। मिली जानकारी के मुताबिक अलीबाग के रिहाइशी इलाके में मौजूद इस जगह की कीमत 12.91 करोड़ बताई जा रही है, जिसकी जगह करीब 7 हजार 820 स्क्वायर मीटर में फैली हुई है।



# कार्तिक ने ओलंपिक चैंपियन से ली ट्रेनिंग

**मुंबई।** एक्टर कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म 'चंदू चैंपियन' इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है। ये फिल्म लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में कार्तिक आर्यन के लुक को लेकर काफी चर्चा हैं, जो फिल्म में पहले कभी न देखे गए अवतार में नजर आएंगे। एक्टर अपने किरदार को परफेक्ट बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपने किरदार में पूरी तरह से ढलने के लिए कार्तिक ने कड़ी ट्रेनिंग की है। कार्तिक आर्यन को ओलंपिक स्विमिंग चैंपियन वीरधवल खाड़े ने ट्रेन किया है। अर्जुन अवॉर्ड विजेता और स्विमिंग चैंपियन वीरधवल खाड़े ने फिल्म के लिए कार्तिक को स्विमिंग स्किल्स में सुधार करने के लिए ट्रेनिंग दी है। वहीं कार्तिक ने भी चंदू चैंपियन के अपने किरदार को 100% देने के लिए अपना दिल और जान लगा दी।

टीवी मसाला



# टीवी के 'कृष्ण' नीतीश की प्रॉपर्टी बेचना चाहती है आईएएस बीवी

**मुंबई।** बीआर चोपड़ा के 'महाभारत' सीरियल में भगवान कृष्ण का किरदार निभाकर घर-घर में पहचान बनाने वाले एक्टर नीतीश भारद्वाज अपने ही घर में चल रहे 'गृहयुद्ध' को लेकर चर्चा में हैं। विवाद का ये सिलसिला तब शुरू हुआ, जब उन्होंने अलग रह रही आईएएस वाइफ स्मिता भारद्वाज पर ये आरोप लगाया कि वो बेटियों को उनसे मिलने नहीं दे रही हैं। स्मिता ने नीतीश भारद्वाज की अचल संपत्ति कुर्क करने और घर के पुराने सामान की बिक्री के लिए अदालत से मदद मांगी है, ताकि वो पैसे का इस्तेमाल अपनी बच्चियों के भरण-पोषण के लिए कर सकें। स्मिता के वकील चिन्मय वैद्य ने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि फैमिली कोर्ट में एक डार्कहास्ट दायर किया गया है और चूंकि मामला विचाराधीन है, इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।' स्मिता इस समय भोपाल में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत हैं। दोनों ने साल 2021 में तलाक के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी, मामला अभी कोर्ट में चल रहा है।

# हिना खान मुनव्वर की मां जैसी दिख रही हैं, बेकार कपल

**मुंबई।** 'बिग बॉस 17' के विनर मुनव्वर फारूकी का नया म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ है, जिसमें हिना खान के साथ उनकी जोड़ी नजर आ रही है। इस गाने का टाइटल है 'हल्की हल्की सी', जिसमें हिना



खान बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। हालांकि, इस गाने पर यूट्यूब पर जहां जहां लोगों की तारीफें खूब बरसी हैं वहीं इंस्टाग्राम पर मौजूद इस वीडियो पर काफी लोग इस जोड़ी की आलोचना भी कर रहे हैं। मुनव्वर और हिना खान ने इस गाने की शूटिंग कोलकाता में की है। चूंकि गाने का थीम बंगाली लड़की और लड़के के प्यार की कहानी है। पपाराजी के अकाउंट पर शेयर किए गए इस वीडियो को देखकर लोगों ने कहा है- काफी बुरा पेयर है, मुनव्वर रामू काका का बेटा लग रहे और हिना खान उनकी मां जैसी दिख रही हैं। एक ने कहा- मुनव्वर की एक्टिंग देखकर अर्जुन कपूर के लिए मेरा रिस्पेक्ट बढ़ गया। एक और ने कहा- इससे अच्छा तो पहले वाला सॉन्ग था।

# विवेक और शाहरुख ने चार साल से नहीं की बात





**मुंबई।** एक्टर और प्रोड्यूसर विवेक वासवानी बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के करीबी रहे हैं। जब शाहरुख खान फिल्मों में किस्मत आजमाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, उस वक्त उनकी मदद विवेक वासवानी ने की थी। उन्होंने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री में शाहरुख खान के लॉन्च की रणनीति बनाई, बल्कि रहने के लिए अपने घर में जगह भी दी, ताकि उन्हें मुंबई में धक्के ना खाने पड़े। विवेक वासवानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। जहां उन्होंने शाहरुख खान को लेकर बात की। विवेक ने बताया कि वो पिछेल चार साल से एक्टर से नहीं मिले है। आखिरी बार दोनों की मुलाकात 2018 में शाहरुख खान के बर्थडे पर हुई थी। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, हमारा कोई रिश्ता नहीं है। हम बात नहीं करते। हम मिलते नहीं, लेकिन जब मिलते हैं, तो ऐसा लगता है मानो सालों हुए ही नहीं। मैं शहर में नहीं रहता हूं। मैं एक टीचर हूं। मैं एक स्कूल का डीन हूं। मैं रोज 18 घंटे काम करता हूं। मैं बस और लोकल ट्रेन से यात्रा करता हूं और शाहरुख एक सुपरस्टार हैं।

# मंगलसूत्र और पिंक चूड़ा में दिखीं नई-नवेली दुल्हन रकुल



**मुंबई।** शादी के बाद पहली बार एयरपोर्ट पर दिखे रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी । नई नवेली दुल्हन के अंदाज ने खींचा सबका ध्यान। पीले रंग की ड्रेस में रकुल बेहद खूबसूरत दिखीं और उन्होंने मंगलसूत्र के साथ पिंक कलर का चूड़ा पहन रखा था। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी शादी के बाद पहली बार पपाराजी के कैमरे में पब्लिक प्लेस पर कैप्चर हुए। दोनों का वीडियो गोवा एयरपोर्ट से सामने आया है, जिसमें पीले रंग के आउटफिट में दुल्हन और दूल्हे राजा कुर्ता पायजामा में दिख रहे हैं। नई-नवेली दुल्हन रकुल के गले में मंगलसूत्र नजर आ रहा है। रकुल प्रीत और जैकी भगनानी ने धूमधाम से गोवा में 21 फरवरी को शादी रचाई। शादी के बाद जहां गेस्ट फैरन वहां से रवाना हो गए वहीं रकुल और जैकी आज 24 फरवरी को गोवा से निकले हैं। शादी के बाद दुल्हन के रूप में पब्लिक के बीच पहली बार रकुल पहुंचीं। उन्होंने मंगलसूत्र के साथ-साथ हाथो में पिंक कलर का चूड़ा भी पहन रखा था। दुल्हन के इस लुक को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

# फिल्म 'क्रू' से तब्बू, करीना और कृति का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू स्टारर फिल्म 'क्रू' की लेटेस्ट झलक सामने आ गई है, जिसमें तीनों एक्ट्रेसेस एयर होस्टेस की भूमिका में दिख रही हैं। इससे पहले इस फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें ऑडियो के साथ जो वीडियो शेयर किया गया था उसमें किसी का चेहरा नहीं दिखाया गया था। आखिरकार




इस फिल्म से तीनों एक्ट्रेसेस का लुक सामने आ गया है। हालांकि, इन तीनों के किरदार के साथ जो कुछ लिखा गया है उससे साफ है कि एयर होस्टेट के लिबास में दिख रहीं इन एक्ट्रेसेस के किरदार के साथ कुछ बड़ा सस्पेंस है। रिया कपूर और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'क्रू' का ताजा पोस्टर शेयर करते हुए करीना कपूर ने लिखा है- चेक-इन करने के लिए रेडी रहिए, क्रू के साथ उड़ान भरने का वक्त आ गया है। करीना ने तीनों एक्ट्रेसेस के पोस्टर्स शेयर किए हैं। करीना की तस्वीर के साथ लिखा है- स्टील इट, तब्बू के पोस्टर के साथ लिखा गया है- रिस्क इट और कृति के पोस्ट में है- फेक इट। अब इसकी कहानी क्या है इसका खुलासा टीजर और ट्रेलर के साथ ही लगेगा।

## अदाकारी की चुनौती पर खरी उतरीं यामी और प्रियामणि

# आर्टिकल 370 : अहम विषय पर बनी संवेदनशील फिल्म

एजेंसी ▸▸ मुंबई

फिल्म 'उरी- द सर्जिकल स्ट्राइक' का निर्देशन कर चुके आदित्य धर ने सत्य घटना पर आधारित एक और फिल्म 'आर्टिकल 370' का निर्माण किया है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने की घटनाओं से आम जनता भली भांति परिचित हैं। लेकिन इस धारा को हटाने से पहले क्या-क्या तैयारियां हुई, वह सब इस फिल्म में दिखाया गया है। यह फिल्म जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करने के प्रधानमंत्री कार्यालय के टॉप सीक्रेट फैसले पर आधारित है।

- कलाकार : यामी गौतम, प्रियामणि, अरुण गोविल, किरन करमारकर, राज जुत्शी, सुमित कौल, वैभव तत्ववादी, स्कन्द ठाकुर और इरावती हर्षे
- लेखक : आदित्य धर और मोनल ठाकुर
- निर्देशक : आदित्य सुहास जंभाले
- निर्माता : आदित्य धर, लोकेश धर और ज्योति देशपांडे
- रिलीज : 23 फरवरी
- रेटिंग : 3/5




### छह भागों में बंटी फिल्म

इस फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की कहानी से शुरू होता है। 2016 में उसकी मौत के बाद घाटी में कई विरोध प्रदर्शन हुए, पत्थर बाजी हुई, जिसके बाद पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन हरकत में आ गई । कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। इसके बाद भी स्थिति ज्यादा नहीं बदलती और 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और जम्मू कश्मीर के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला लिया।

### बुरहान से शुरू होती है फिल्म

फिल्म की कहानी एक खुफिया अधिकारी जूनी हक्सर से शुरू होती है। जूनी हक्सर को आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी के ठिकाने के बारे में पता चलता है और वह उसे मुठभेड़ में मार देती है। इस घटना से कश्मीर में पत्थरबाजी शुरू हो जाती है और इस घटना का जिम्मेदार जूनी हक्सर को मानकर दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया जाता है। जैसे ही सरकार अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की दिशा में आगे बढ़ती है। पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन अपनी एक टीम का गठन करती है और कश्मीर में एनआईए ऑपरेशन का नेतृत्व करने के लिए जूनी हक्सर को नियुक्त करती है। जूनी हक्सर घाटी में शांति और एकता बनाए रखने की यात्रा में भ्रष्ट स्थानीय नेताओं और उग्रवादियों द्वारा उत्पन्न बाधाओं से होकर गुजरती है।

### अनुच्छेद 370 हटाने से पहले की खामियों की पहचान

इस फिल्म में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाने से पहले कैसे जम्मू-कश्मीर संविधान की जांच की, उन खामियों की पहचान की, जिससे अनुच्छेद 370 को निरस्त करने में मदद मिली। एक पुराने सरकारी पुस्तकालय से प्राप्त 1954, 1958 और 1965 के दस्तावेजों से महत्वपूर्ण चूक का पता चला, जिससे जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को काफी पहले हटाया जा सकता था। इस फिल्म की कहानी आदित्य धर ने मोनल ठाकुर के साथ मिलकर लिखी हैं। फिल्म के निर्देशक आदित्य सुहास जंभाले ने फिल्म की कहानी के जरिए देशभक्ति की उत्तम भावनाओं को पर्दे पर पूरी तरह से पेश करने में सफल हैं।

### कलाकारों का शानदार प्रदर्शन

फिल्म की कहानी मुख्य रूप से दो किरदार जूनी हस्कर और पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन के इर्द-गिर्द घूमती है। जूनी हस्कर की भूमिका में यामी गौतम और पीएमओ सचिव राजेश्वरी स्वामीनाथन की भूमिका में प्रियामणि का फिल्म में जबरदस्त प्रदर्शन रहा है। प्रधानमंत्री की भूमिका में अरुण गोविल और गृह मंत्री की भूमिका में किरन करमारकर की भूमिका काफी प्रभावशाली हैं।

## ठाकुरजी के दर्शन को लगी 1.5 किलोमीटर लंबी लाइन

# श्रद्धालुओं की भीड़ से महिलाओं और बच्चों की हालत बिगड़ी

एजेंसी ▸▸ वृंदावन

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। भक्तों की भीड़ के दबाव के आगे प्रशासन और मंदिर प्रबंधन परेशान रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव से महिलाओं और बच्चों की हालत बिगड़ रही थी। मंदिर के चबूतरे तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को दो घंटे इंतजार करना पड़ा। चबूतरे पर श्रद्धालुओं को रोका तो हालात बिगड़ गए। आपाधापी के माहौल में महिलाएं चीख रही थीं। पुलिसकर्मियों व सुरक्षागार्डों ने बच्चों को भीड़ के दबाव और आपाधापी के माहौल से निकालकर राहत दी।

### हजारों श्रद्धालु दर्शन को उमड़े

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को मंदिर खुलने से पहले ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुंच गई। परिक्रमा मार्ग के जुगलघाट और विद्यापीठ चौराहा से मंदिर तक श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी।





### बाजार भी फुल

भीड़ का दबाव ऐसा कि बाजार में कदम रखने तक को जगह नहीं थी। गलियों में होकर श्रद्धालु आगे बढ़ रहे थे। विद्यापीठ चौराहा से लेकर मंदिर के गेट संख्या तीन तक पहुंचने में श्रद्धालुओं को डेढ़ से दो घंटे का समय लगा। हर कोई आगे बढ़ने की जिद्दोजहद में लगा था। ऐसे में आपाधापी का माहौल बन रहा था और बीच में फंसी महिलाओं और बच्चों की चीख निकल रही थी।

## राम मंदिर में चढ़ावा गिनने में लगे बैंक के कर्मचारी — स्टाफ को बढ़ाया व 4 और मशीनें लगवाई

**अयोध्या।** अयोध्या में सदियों का इंतजार जैसे ही खत्म हुआ कि लोगों ने दिल खोलकर रामलला की मंदिर में दान करना शुरू कर दिया है। हर दिन इतने कैश चढ़ावा के रूप में आ रहे हैं कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के कर्मचारी थके जा रहे हैं। इसके लिए बैंक को स्टाफ को बढ़ाना ही पड़ा है। इतना ही नहीं कैश गिनने के लिए ऑटोमैटिक मशीनों की संख्या भी बढ़ानी पड़ गई है। एसबीआई ने राम मंदिर की शाखा में 4 नई ऑटोमैटिक मशीनों को इंस्टाल किया है।

### 25 किलो के आभूषण, 25 करोड़ कैश



प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक महीने में 25 किलोग्राम सोने और चांदी के आभूषण सहित लगभग 25 करोड़ रुपयए का दान मिला है। ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने बताया कि 25 करोड़ की राशि में चेक, ड्राफ्ट और मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में जमा की गई दान पेटियों में जमा राशि भी शामिल है।

**अब तक 60 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके**

गुप्ता ने कहा कि 23 जनवरी से अब तक लगभग 60 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि राम भक्तों की भक्ति ऐसी है कि वे रामलला के लिए चांदी और सोने से बनी वस्तुएं दान कर रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### सीपीआई की नेता एनी राजा वायनाड से लड़ेंगी



**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। सीपीआई केरल के सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा में दूसरा सबसे बड़ा गठबंधन भागीदार है। केरल की जिस वायनाड सीट से कांग्रेस नेता राहुल गांधी सांसद हैं, वहां वरिष्ठ नेता एनी राजा को चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया है।

### शंभू बॉर्डर पर डब्ल्यूएचओ का पुतला फूंका



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा की सीमा पर किसानों का आंदोलन जारी है। सोमवार को किसान संगठनों ने शंभू और खनौरी सीमा पर विश्व व्यापार संगठन का पुतला फूंका। डब्ल्यूटीओ का पुतला 20 फीट ऊंचा था। किसानों ने आतिशबाजी भी की। बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं आंदोलन में पहुंचीं। किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। फिलहाल बयानबाजी जारी है।

### बिना ड्राइवर दौड़ी थी मालगाड़ी, 6 सस्पेंड



**नई दिल्ली।** जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी अचानक बिना लोको पायलट चलने लगी थी। यह मालगाड़ी ढलान के कारण बिना ड्राइवर के चलने लगी थी। 78 किलोमीटर चली क्रेशर मालगाड़ी को पंजाब के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर रोका गया था। इस पर फिरोजपुर डिवीजन के डीआरएम संजय साहू ने 6 को निलंबित कर दिया है।

### राज्यसभा की 51 सीटों के लिए वोटिंग आज



**नई दिल्ली।** राज्यसभा की 51 सीटों के लिए मतदान मंगलवार को होगा। ये 51 सीटें 14 राज्यों की हैं। वोटिंग 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतगणना भी शाम 5 बजे होगी। उत्तर प्रदेश से 10 सीटें, महाराष्ट्र और बिहार से 6-6 सीटें, पश्चिम बंगाल से 5 सीटें, गुजरात और कर्नाटक से 4-4 सीटें हैं। इसके साथ ही अन्य राज्यों की भी सीटें शामिल हैं।

### तमिलनाडु की टीएमसी एनडीए में शामिल होगी



**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को तमिलनाडु में एक सहयोगी मिल गया है। जीके वासन के नेतृत्व वाली टीएमसी ने भाजपा के साथ गठबंधन का ऐलान किया है। वासन ने कहा कि तमिल मनीला कांग्रेस बतौर एनडीए सहयोगी भाजपा के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ेगी। वासन ने कहा कि 27 फरवरी को पीएम मोदी की रैली के दौरान एनडीए में शामिल होंगे।

---

### पीएम ने देशवासियों को दी 2,000 से अधिक की रेलवे परियोजनाओं की सौगात

# आज जो भारत करता है अभूतपूर्व स्पीड व स्केल से करता है, यही है नई कार्य संस्कृति

### 41,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लगभग 41,000 करोड़ से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस अवसर पर पीएम ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम, नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है।

आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड से करता है। आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। इस अवसर पर पीएम ने कहा कि आप सभी की उपस्थिति में आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

**वीडियो कॉन्फ्रेंस से किया संबोधित**

सरकार का संकल्प आज पूरे देश में दिख रहा



### कपड़ा क्षेत्र का गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं से संबंध

इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प और इसके चार मुख्य स्तंभों पर जोर दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का कपड़ा क्षेत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए भारत टेक्स 2024 जैसे आयोजन का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि थ्रेड ऑफ भारत टेक्स भारतीय परंपरा के गौरवशाली इतिहास को आज की प्रतिभा से जोड़ता है, और यह स्टाइल, स्थिरता, पैमाने और कौशल को एक साथ लाने का सूत्र है।

**झज्जर, पुणे में 2 आयुष संस्थान लोकार्पित**

देश में स्वास्थ्य सेवा की समग्र स्थिति और अधिक बेहतर करने के लिए पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से आयुष मंत्रालय के 2 संस्थानों का उद्घाटन किया। उन्होंने हरियाणा के झज्जर में 'केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान' (सीआरआईवाईएन) और महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन)- 'निसर्ग ग्राम' का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता रोग प्रतिरोधक क्षमता और रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाना है। हमने पोषण पर जोर दिया है। रोगों से बचाव के लिए योग, आयुर्वेद और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

**पीएम मोदी का केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र दौरा**

### दो दिन में 'अंतरिक्ष यात्री पंख' भी प्रदान करेंगे

पीएम मोदी 27-28 फरवरी को केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। जहां वह तीनों राज्यों में कई परियोजनाओं और विकास कार्यों की सौगात देंगे। अपने दौरे के दौरान इसके अलावा भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतरदेशीय जलमार्ग जहाज का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी गगनयान की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे और नामित अंतरिक्ष यात्री को 'अंतरिक्ष यात्री पंख' प्रदान करेंगे। गगनयान मिशन भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम है जिसके लिए विभिन्न इसरो केंद्रों पर व्यापक तैयारी चल रही है।

## कस्तूरी कॉटन भारत की जल्द पहचान बनेगा — वैश्विक स्तर पर भारत की ब्रांड वैल्यू बनाएगा

पीएम मोदी ने सोमवार सुबह नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 'भारत टेक्स 2024' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पीएम के 5एफ विजन से प्रेरणा लेते हुए, 'भारत टेक्स 2024' संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस 4 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 29 फरवरी तक होगा। 100 से अधिक अलग-अलग देशों के लोग इसमें भाग ले रहे हैं। संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को कार्यक्रम में कवर किया गया है। पीएम ने प्रदर्शित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा, पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है। सरकार कपास किसानों का समर्थन भी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लॉन्च किया गया कस्तूरी कॉटन वैश्विक स्तर पर भारत की ब्रांड वैल्यू बनाने में एक बड़ा कदम होगा।

### 100 से अधिक देशों के प्रतिभागी ले रहे हैं भाग

'भारत टेक्स 2024' में वस्त्र क्षेत्र से जुड़े छात्रों, बुनकरों, कारीगरों और वस्त्र क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के अलावा नीति निर्माताओं एवं वैश्विक स्तर के सीईओ, 3,500 से अधिक प्रदर्शकों, 100 से अधिक देशों के 3,000 से अधिक खरीदारों और 40,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुक इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन के दौरान 50 से अधिक घोषणाओं और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर केंद्रीय कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल भी उनके साथ रहे।

---

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला



## व्यास तहखाने में पूजा रहेगी जारी, मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज

**इलाहाबाद।** वाराणसी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार सौंपने के जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ अपील को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल अपील पर सुनाया है।

इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले में जिला जज वाराणसी ने 17 जनवरी को डीएम को रिसीवर नियुक्त कर 31 जनवरी को तहखाने में पूजा करने का आदेश पारित किया था।

### वकील जैन ने दी जानकारी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाने में पूजा करने के कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को रद्द कर दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने फैसले के बाद बताया कि इलाहाबाद होईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया के आदेशों की पहली अपील को खारिज कर दिया है। जिसमें वाराणसी जिला कोर्ट से पारित 17 और 31 जनवरी के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाना में चल रही पूजा जारी रहेगी।

### मुस्लिम पक्ष ने चुनौती दी थी

15 फरवरी को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की कोर्ट में मुस्लिम पक्ष-अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई थी। हिंदू पक्ष को वाराणसी जिला जज ने अनुमति दे दी थी।

---

### आखिरकार जरांगे ने आंदोलन वापस लिया

## आगजनी के बाद बस सेवाएं बंद, जालना में लगा कर्फ्यू

एजेंसी ▸▸ जालना



मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने 17 दिन बाद अपना अनशन वापस ले लिया है। हालांकि उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग के तहत मराठों के लिए आरक्षण की मांग के लिए आंदोलन जारी रहेगा।

इससे पहले जालना के कई इलाकों में प्रदर्शन शुरू हो गए। आगजनी और तोड़फोड़ की गई। एक बस को आग लगा दी गई। आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। जिला प्रशासन ने कर्फ्यू को लेकर आदेश जारी किए है। जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वे मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। हालांकि इससे पहले मराठा आंदोलन के सूत्रधर मनोज जरांगे ने समाप्ति की घोषणा कर दी है।

### एलएचएमसी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को नई दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (एलएचएमसी) के 107वें वार्षिक दिवस और दीक्षांत समारोह के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार के साथ।

### नफे सिंह हत्याकांड मामला

## 2 आरोपी हिरासत में, मामले की जाँच सीबीआई को सौंपी

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़



हरियाणा के बहादुरगढ़ में इनेलो के राज्यध्यक्ष नफे सिंह हत्याकांड में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में लिया और पूछताछ कर रही है। शक के आधार पर राउंडअप किया गया है।

इनेलो नेता अभय सिंह का कहना है कि पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है। बताया जा रहा है कि बहादुरगढ़-सिविल अस्पताल के सामने नफे सिंह राठी के समर्थक धरने पर हैं। अभय ने कहा कि झज्जर एसपी से फोन पर बात की है? डीसी झज्जर ने बताया कि मामला सीबीआई को सौंपा गया है। डीसी शक्ति सिंह और एसपी अर्पित जैन ने कहा कि मामले की सीबीआई जांच होगी। एसपी ने फिलहाल, केस में किसी भी गिरफ्तारी से इंकार किया है और कहा कि जिस पर भी शक है, उससे की पूछताछ की जा रही है।

---

### सीएम ममता को हाईकोर्ट का निर्देश, बढ़ीं मुश्किलें

# शाहजहां शेख का नाम जोड़ें और तुरंत गिरफ्तार करें

एजेंसी ▸▸ संदेशखाली

संदेशखाली मामले पर सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस ने आदेश दिया कि संदेशखाली मामले में शाहजहां शेख का नाम जोड़ा जाएगा। इस केस में पब्लिक नोटिस दिया जाना चाहिए। संदेशखाली मामले में कोई स्टे ऑर्डर नहीं दिया गया है। शेख की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट किया कि संदेशखाली में अत्याचार करने के आरोपी टीएमसी नेता शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। शेख, ईडी, सीबीआई और राज्य गृह सचिव को मामले में पक्षकार के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

शेख के साथ ही ईडी, सीबीआई और राज्य गृह सचिव को भी पक्षकार बनाने के निर्देश जारी

### संदेशखाली में अत्याचार के आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाए



**महिला ने सुनाई आपबीती**

### संदेशखाली में टीएमसी नेता के घर में तोड़फोड़

सोमवार को टीएमसी नेता शंकर सरदार के घर में कुछ महिलाओं ने तोड़फोड़ की। सरदार शंकर का घर नॉर्थ 24 परगना के संदेशखाली स्थित पोलपारा गांव में है। उनकी पत्नी ने आरोप लगाया है कि कुछ लोकल महिलाओं ने उनके घर में तोड़फोड़ की है। इस समय पुलिस घटना स्थल पर मौजूद है। वह एनजीओ के लिए काम करती हैं। ट्रक में उनके लिए सामान आता है। उन्होंने अजित मैथी और शंकर ने उनका सामान और दुकान लूटने का आरोप लगाया।

**टीएमसी ने बताया समय**

### 7 दिन के अंदर सलाखों में होगा शेख

टीएमसी के सीनियर नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को 7 दिन के अंदर अरेस्ट कर लिया जाएगा। घोष का यह बयान हाई कोर्ट के फैसले के तुरंत बाद आया है। उच्च न्यायालय ने कहा कि हमारी ओर से शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। कुणाल ने ट्वीट किया, शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर अभिषेक बेनर्जी की बात सही है। यह मामला अभी अदालत में चल रहा है। विपक्ष तो इस मामले में राजनीति कर रहा है।



### मीरा रोड पर राजा की रैली

## शोभायात्रा में उमड़े हजारों हिंदू हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मुंबई के मीरा रोड में रविवार को एक विशाल शोभा यात्रा (हिंदू रैली) निकाली गई। दावा किया जा रहा है कि इस शोभा यात्रा में 7 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया था।

रैली में शामिल होने वाले ज्यादातर युवा थे। भारी पुलिस बल के बीच रैली काशीमीरा चौक से लेकर एस के स्टैंड तक निकली। इस यात्रा में ठाकुर राजा सिंह के नेतृत्व में कई राजनेताओं ने इस कर रैली में हिस्सा लिया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने अनुमति दी थी। राजा सिंह ने कहा मुझे बहुत सारे लोग रोकने में लगे हुए थे, लेकिन ऐसी कोई ताकत नहीं है जो मुझे मीरा रोड आने से रोक सके। राजा ने कहा कि शिवनेरी के किले में छत्रपति शिवाजी के जन्म से पहले औरंगजेब का राज था। वह हिंदुओं पर अत्याचार करता था। मंदिरों को तोड़ता और धर्मांतरण कराता था। हम हिंदू संकल्प लें कि जब तक जिएंगे, तब तक हिंदू राष्ट्र के लिए संघर्ष करेंगे। राजा सिंह रैली में उमड़ी भीड़ से हिंदू राष्ट्र का संकल्प लेने की अपील की। इस बीच 3 जिलों में इंटरनेट को सस्पेंड कर दिया है।

## खबर संक्षेप



### मैं फिर कभी आंध्र के लिए नहीं खेलूंगा

**बेंगलुरु।** सीनियर बल्लेबाज हनुमा विहारी ने दुर्व्यवहार के लिए सोमवार को आंध्र क्रिकेट संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि वह फिर कभी राज्य के लिए नहीं खेलेंगे। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में आंध्र का अभियान समाप्त हो गया जब वे सोमवार को क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश से चार रन से हार गए। विहारी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'दुखद बात यह है कि संघ का मानना है कि वे जो भी कहें खिलाड़ी को वह सुनना होगा और खिलाड़ी उनकी वजह से ही वहां हैं। मैंने फैसला किया है कि मैं आंध्र के लिए कभी नहीं खेलूंगा जहां मैंने अपना आत्मसम्मान खो दिया है।'

### मध्यप्रदेश ने कटाई अंतिम-4 की टिकट

**इंदौर।** अनुभव अग्रवाल के छह विकेट के दम पर मध्य प्रदेश ने आंध्र को चार रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।



होल्कर स्टेडियम पर खेले गए कम स्कोर वाले क्वार्टर फाइनल में गेंदबाजों की तूती बोली। इस जीत के साथ 2021-22 की चैंपियन मध्यप्रदेश की टीम तमिलनाडु के बाद इस बार अंतिम चार में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई। जीत के लिए 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र की टीम आखिरी दिन 165 रन पर आउट हो गई।


### बधिर क्रिकेट पैरा एशियन खेलों में हो शामिल : जैन



**नई दिल्ली।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने सोमवार को कहा कि वह इस खेल को पैरा एशियाई खेलों में शामिल कराने का पूरा प्रयास कर रहा है। आईडीसीए भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद का संस्थापक सदस्य है जिसे बीसीसीआई का सहयोग हासिल है। आईडीसीए अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, 'हम काम कर रहे हैं। हम एशियाई देशों के संपर्क में हैं। हमने हांगकांग दौरा किया है जो आईडीसीए के साथ पहला एशियाई मैच कराने को तैयार है। फिलहाल हमारा फोकस विश्व कप पर है।'

### हमारी युवा टीम की शानदार जीत : कोहली

**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में भारत की जीत को शानदार बताया। टेस्ट श्रृंखला से



निजी कारणों से बाहर होने के बाद क्रिकेट पर अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, 'यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया।' सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, 'भारत ने एक बार फिर दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है।'

### अंकिता रैना को गुरुग्राम ओपन में दूसरी वरीयता



**गुरुग्राम।** भारत की चोटी की महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना को मंगलवार से तीन मार्च तक होने वाले आईटीएफ महिला गुरुग्राम ओपन टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता दी गई है। स्लोवेनिया की डेलिला जाकुपोविच को मुख्य ड्रॉ में शीर्ष वरीयता, जबकि लिथुआनिया की जस्टिना मिकुलस्काइट को तीसरी वरीयता दी गई है। उनके बाद लातविया की डायना मार्सिंकेविका का नंबर आता है। भारत की सहजा यमलापल्ली को पांचवीं जबकि स्वीडन की फैनी ओस्टलुंड और जैकलीन कैबेज को क्रमशः छठी और सातवीं वरीयता दी गई है।

टीम इंडिया ने पांच मैचों की श्रृंखला में बनाई 3-1 की विजयी बढ़त

# स्पिन बॉल के सामने 'बैजबॉल' फुस्स..., भारत घर में 12 साल से अजेय, इंग्लैंड पर हैट्रिक जीत

एजेंसी ▶▶| रांची

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे क्रिकेट टेस्ट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली। जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली। भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं।

इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया । पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है । भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही। टीम इंडिया ने ने एक हार के बाद लगातार तीसरी जीत दर्ज की है।



### रोहित-गिल की फिफ्टी

*सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया।*

### इंग्लैंड के खिलाफ 34वीं जीत

रांची में मिली जीत भारत की इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 135 टेस्ट मैचों में 34वीं जीत है। भारत ने इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार इंग्लैंड को ही हराया है। हालांकि भारत को अंग्रेजों के खिलाफ 51 टेस्ट मैचों में हार भी मिली है। यह किसी भी टीम के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे ज्यादा हार है। दोनों टीमों के बीच 50 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सबसे ज्यादा 32 बार हराया है। ये 32 जीत 107 टेस्ट मैचों में मिली है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का फोक्स बो हार्टली | 55 | 81 | 5 | 1 |
| यशस्वी का एंडरसन बो रूट | 37 | 44 | 5 | 0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 52 | 124 | 0 | 2 |
| पाटीदार का पोप बो बशीर | 00 | 06 | 0 | 0 |
| जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर | 04 | 33 | 0 | 0 |
| सरफराज का पोप बो बशीर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 39 | 77 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 61 ओवर में 192/5
गेंदबाजी : रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0.

### इंग्लैंड पर तीसरी सीरीज जीत


भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ घर में लगातार तीसरी सीरीज जीत हासिल की है। 2012 के बाद भारत ने इंग्लैंड को 2016-17 में 3-0 से, 2020-21 में 3-1 से हराया था और अब इस सीरीज में 3-1 की बढ़त ले ली है। इस दौरान भारत ने ऑस्ट्रेलिया को भी अपने घर में लगातार तीन बार मात दी है। वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ लगातार 2-2 सीरीज में जीत मिली हैं। 1 सीरीज जीत अफगानिस्तान के खिलाफ मिली है।



### भारत की टेस्ट जीत-हार

| खिलाफ | टेस्ट | जीत | हार | टाई | ड्रॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 135 | 34 | 51 | 00 | 50 |
| ऑस्ट्रेलिया | 107 | 32 | 45 | 01 | 29 |
| वेस्टइंडीज | 100 | 23 | 30 | 00 | 47 |
| न्यूजीलैंड | 62 | 22 | 13 | 00 | 27 |
| श्रीलंका | 46 | 22 | 07 | 00 | 17 |
| द.अफ्रीका | 44 | 16 | 18 | 00 | 10 |
| बांग्लादेश | 13 | 11 | 00 | 00 | 02 |
| पाकिस्तान | 59 | 09 | 12 | 00 | 38 |
| जिम्बाब्वे | 11 | 07 | 02 | 00 | 02 |
| अफगानिस्तान | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 |
| **ओवरऑल** | **578** | **177** | **178** | **01** | **222** |

## मेसी फिर लॉरेस साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

सुपरस्टार फुटबॉलर और पिछले साल के विजेता लियोनेल मेसी को सोमवार को एक बार फिर लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। विश्व कप 2022 ट्रॉफी जीतने वाले अर्जेंटीना के कप्तान मेसी ने 2023 में अपना रिकॉर्ड आठवां बेलोन डिओर खिताब जीता था। उन्होंने लीग कप में मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी को रिकॉर्ड 44वां खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। पच्चीसवें लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार 22 अप्रैल को यहां दिए जाएंगे।

मेसी को मैनचेस्टर सिटी के स्ट्राइकर एर्लिंग हैलेंड (नॉर्वे), टेनिस सुपरस्टार नोवाक जोकोविच (सर्बिया), विश्व रिकॉर्ड धारक पोल वाल्ट खिलाड़ी मोंडो डुप्लांटिस (स्वीडन), विश्व चैंपियन धावक नूह लायल्स (अमेरिका) और फार्मूला वन स्टार मैक्स वेरस्टेपेन (नीदरलैंड) से टक्कर मिलेगी। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पुरस्कार के लिए जिन खिलाड़ियों को नामित किया गया है उनमें से तीन ने पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। कीनिया की फेथ किपयेगॉन 1,500 और 5,000 मीटर का दोहरा खिताब जीतने वाली पहली महिला बनीं। अमेरिका की शाकैरी रिचर्डसन ने अपने पहले वैश्विक फाइनल में 100 मीटर का खिताब जीता और चार गुणा 100 मीटर में भी स्वर्ण पदक जीता। शेरिका जैकसन का 200 मीटर में 21.41 सेकेंड का विजयी समय अब तक का दूसरा सबसे तेज समय था।

### बाइल्स की सर्वश्रेष्ठ वापसी



पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी ईगा स्वियाटेक, स्पेन की फुटबॉलर ऐटाना बोनमाटी और अल्पाइन स्कीयर अमेरिका की मिकाएला शिफरीन को भी नामित किया गया है। स्टार अमेरिकी जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स को सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली छह खिलाड़ियों में नामांकन मिला है। दो साल की अनुपस्थिति के बाद उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक के साथ वापसी की।

## आरसीए अध्यक्ष वेभव गहलोत ने दिया इस्तीफा




**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में अपना पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल के मैचों की मेजबानी करनी है।

## सैफ अंडर-16 महिला : 23 सदस्यीय टीम का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है।

अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी।



**भारतीय टीम** : गोलकीपर : के टी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी। **डिफेंडर** : अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर** : अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के , **फॉरवर्ड** : गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

## रक्षा बनीं इटैलियन जूनियर एकल चैंपियन...



**मुंबई।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कांदासामी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल में हमवतन अनन्या अग्रवाल को 21-14, 21-12 से हराकर इटैलियन जूनियर एकल खिताब जीता। इटली के मिलान में 23 से 25 फरवरी तक हुए टूर्नामेंट में रक्षा ने शानदार प्रदर्शन किया और 64 खिलाड़ियों के ड्रॉ में एक भी गेम नहीं गंवाते हुए खिताब जीता।

## बजरंग, विनेश, साक्षी को डब्ल्यूएफआई ने राष्ट्रीय ट्रायल में शामिल होने का न्योता दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने प्रदर्शनकारी पहलवानों बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और संन्यास की घोषणा कर चुकी ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक को किर्गिस्तान में होने वाले पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर सहित एशिया की दो शीर्ष प्रतियोगिताओं के लिए मार्च में होने वाले राष्ट्रीय ट्रायल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विश्व कुश्ती की सर्वोच्च संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने इस महीने के शुरू में डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटाते समय राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले पहलवानों के खिलाफ भेदभावपूर्ण रवैया नहीं अपनाने की भी शर्त रखी थी।

## दिल्ली ने यूपी वारियर्स को नौ विकेट से रौंदा

**बेंगलुरू।** राधा यादव और मारिजेन कैप की धारदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लेनिंग के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। वारियर्स की दो मैच में यह लगातार दूसरी हार है। वारियर्स के 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने शेफाली (43 गेंद में नाबाद 64 रन, छह चौके, चार छक्के) और कप्तान मेग लेनिंग (43 गेंद में 51 रन, छह चौके) के बीच पहले विकेट की 119 रन की साझेदारी से सिर्फ 14.3 ओवर में एक विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। वारियर्स की टीम इससे पहले बाएं हाथ की स्पिनर राधा (20 रन पर चार विकेट) और मारिजेन (पांच रन पर तीन विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 119 रन ही बना सकी। श्वेता सहरावत 42 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 45 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा वारियर्स की कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम को कप्तान मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई। शेफाली ने सोफी एक्लेस्टोन पर चौके के साथ खाता खोला और फिर गौहर सुल्ताना पर पारी का पहला छक्का जड़ा। सुल्ताना के ओवर में हालांकि लेनिंग भाग्यशाली रहीं जब वृंदा ने शॉर्ट फाइन लेग पर उनका कैच टपका दिया।

### महिला फुटबॉल टीम की नजर एशिया के बाहर अपने पहले खिताब पर

## भारत के सामने तुर्की कप खिताब में कोसोवो की चुनौती

एजेंसी ▶▶| अलान्या

भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने पर टिकी होंगी। भारतीय महिला टीम को खिताब जीतने के लिए हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण कोसोवो शीर्ष पर है।

चार टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय महिला टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से छह अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से छह अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस तीन के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

प्रतियोगिता में कोई फाइनल मुकाबला नहीं होगा और राउंड रोबिन के बाद अंक तालिका में शीर्ष पर रहने वाली



टीम खिताब जीतेगी। भारत और कोसोवो नवीनतम फीफा रैंकिंग के अनुसार मौजूदा टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सबसे कम और सबसे अधिक रैंकिंग वाली टीम हैं। भारत की विश्व रैंकिंग 65 जबकि कोसोवो की 100 है। हांगकांग और एस्टोनिया की विश्व रैंकिंग क्रमशः 79 और 98 है।

### मोहम्मद शमी ने लंदन में कराई सर्जरी

## सोशल मीडिया पर लिखा- रिकवरी में टाइम लगेगा लेकिन जल्द बॉलिंग करूंगा...

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को लंदन में एड़ी की सफल सर्जरी करवाई। शमी ने अपने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। शमी ने पिछले साल टीम इंडिया के लिए वनडे वर्ल्ड कप खेला था, इसके बाद से ही वह इंजरी के कारण क्रिकेट नहीं खेल सके।

शमी ने सोशल मीडिया पर फोटोज पोस्ट कर लखिा, मेरी एड़ी का सक्सेसफुल ऑपरेशन हुआ। रिकवरी में टाइम लगेगा लेकिन मैं जल्द ही अपने पैरों पर खड़ा होकर बॉलिंग करने के लिए एक्साइटेड हूं।

**8 महीने के लिए हो सकते हैं बाहरः** सर्जरी के बाद शमी को करीब 3 से 4 महीने तक आराम करना पड़ सकता है। इसके बाद ही वह प्रैक्टिस शुरू करेंगे। NCA से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही उन्हें मैच खेलने की परमिशन मिलेगी। इसमें 6 से 8 महीने का समय लग सकता है।



न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, सर्जरी के बाद शमी अब इंडियन प्रीमियर लीग नहीं खेल सकेंगे। उनका टी-20 वर्ल्ड कप खेलना भी मुश्किल है। वह सितंबर-अक्टूबर में होने वाली बांग्लादेश और न्यूजीलैंड सीरीज तक बॉलिंग शुरू करेंगे। लेकिन मैच के लिए फिट होने में उन्हें नवंबर तक का समय लग सकता है। दिसंबर में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है।

**योजनाओं की समीक्षा बैठक में बकाया प्रकरणों को लेकर** राज्यपाल कलराज मिश्र ने नाराज़गी जताते हुए कहा...

# जनजाति क्षेत्र के लोगों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग से संबंधित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान अनुसूचित क्षेत्र के विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के बकाया प्रकरणों को लेकर राज्यपाल ने नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में लापरवाही को भविष्य में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी जताई और अधिकारियों को इसे गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने जनजाति क्षेत्रों में विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों को भरने के लिए समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि अनुसूचित क्षेत्र के लोगों को उनके लिए चलाई जा रही योजनाओं का समुचित और समय पर लाभ मिले।

उन्होंने जनजाति क्षेत्र में युवाओं को स्वरोजगार से जोड़े जाने, उनके कौशल प्रशिक्षण, चिकित्सा व स्वास्थ्य, विद्युत तथा पेयजल सेवाओं की उपलब्धता के लिए अधिकारियों को गंभीर होकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों को गरीबी और अभावों से मुक्त कर उनको समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।



### राज्यपाल ने दिए ये निर्देश

राज्यपाल मिश्र ने आदिवासी क्षेत्रों में उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए युवाओं को तैयार करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में स्थानीय उत्पादों के विपणन से जुड़ी उद्यमिता विकास गतिविधियों के क्रियान्वयन के भी निर्देश दिए। राज्यपाल ने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग व जनजाति उपयोजना मद में बजट आवंटन और व्यय की गई राशि के संबंध में विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक स्तर को ऊंचा उठाने से संबंधित सभी योजनाओं की अधिकारी प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने जनजाति क्षेत्र के आवासीय विद्यालयों, खेल छात्रावास, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों के बारे में भी जानकारी ली।

### युवाओं के लिए प्रशिक्षण की हो विशेष व्यवस्था

बैठक में जनजाति क्षेत्र विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं में चयन के लिए विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था हो, ताकि इन क्षेत्रों से भी भारतीय प्रशासनिक और पुलिस व अन्य सेवाओं के अधिकारी चयनित होकर आएं। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास के लिए कोचिंग की प्रभावी व्यवस्था की आवश्यकता जताई। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास के साथ ही बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता जताई।

**चिंतन ही नहीं चिंता का विषय**

# शिक्षा बनाम धर्म....यह कैसा धर्म?

**कुलदीप गुप्ता**
**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। शिक्षा वह नीति है जिसके द्वारा किसी भी इन्सान का शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से विकास होता है।

उक्त वाक्य निःसन्देह यथोचित सत्य है और निर्बाध रूप से सत्य ही रहना चाहिये परन्तु जिस तरह से इस्लाम मज़हब में पैदा होने वाले कुछ लोग उच्च स्तर की शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी अपनी संकुचित और जिहादी मानसिकता से ऊपर नहीं उठ पाते है और सदैव अपने आपको सर्वश्रेष्ठ मानकर मानव हत्या का जो खेल खेलते है वो महज एक अपराध न होकर एक गंभीर पाप है जिस से सैकड़ों वर्षों से सम्पूर्ण विश्व आहत होता आ रहा है ।

**बचपन से सुनते और पढ़ते हुए आये है कि 'सर्व धर्म समभाव' मतलब की सभी धर्म समान है और इसी के साथ साथ एक वाक्य और सुनकर एवं पढ़कर बड़े हुए हैं हम कि - 'मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना' जबकि उक्त दोनों वाक्य नितांत झूठे और काल्पनिक हैं ।**

9/11 जैसी भयावह घटना को अंज़ाम देने वाले ओसामा बिन लादेन ने इंजीनियरिंग की डिग्री ले रखी थी तो मुम्बई बम धमाकों में शामिल याक़ूब मेमन चार्टेड एकाउटेंट था और 26/11 मुम्बई हमले का मास्टरमाइंड हाफ़िज़ मुहम्मद सईद अरबी भाषा और इंजीनियरिंग विषय का शिक्षक रहा तो वही उमर ख़ालिद जेएनयू जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन एवं एमफील जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी 'भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशा अल्लाह इंशा अल्लाह', 'कितने अफज़ल मारोगे हर घर से अफ़ज़ल निकलेगा,' 'लड़कर लेंगे आज़ादी' जैसे राष्ट्रविरोधी नारे लगाता है और देश विरोधी माहौल बनाता है और राहुल गाँधी उस मूवमेंट को सपोर्ट करने के लिए जेएनयू पहुँच जाता है


अगर इसी क्रम में आग बढ़े तो भारत संसद पर हमले का मुख्य आरोपी अफ़ज़ल गुरु वारदात के समय एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था तो वही आतंकी संगठन आईएस आईएल के मुखिया अबूबक्र अलबग़दादी ने जो आतंक का दूसरा नाम था जिसने सीरिया एव ईराक में गृह युद्ध का आतंक मचा रखा था ने पीएचडी कर रखी थी तो वही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) जैसे विषय का विरोध कर सांप्रदायिक हिंसा करवाने के लिए भड़काऊ भाषण देने में पारंगत ,असम राज्य को अलग करने एवं असम राज्य जाने वाले मार्ग को अवरोध कर और चिकन नेक जैसा नारा देख असम राज्य को अलग करने का एजेंडा रखने वाले शरजील इमाम ने आई आई टी बॉम्बे से बी टेक एवं एम टेक जैसी उच्च स्तरीय डिग्री हासिल कर रखी थी तो वही हैदराबाद राज्य से सांसद के रूप में लोकसभा में उपस्थिति दर्ज़ करवाने वाले असदुद्दीन ओवैसी भी हमेशा भड़काऊ भाषण देते है जैसे उनके भाषणों में एक बयान है वर्ष 2015 में कि - 'दुनिया में हर बच्चा मुस्लिम पैदा होता है और उसके माता पिता एवं समाज उसे अन्य धर्मों में परिवर्तित करते हैं'






वहीं दूसरी तरफ कहते हैं कि 'इस्लाम सभी धर्मों का वास्तविक घर है' 'एक मस्जिद खो दी दूसरी खोने नहीं देंगे, ये तुम्हारे बाप की जायदाद है?'

जिस बावरी मस्जिद को लेकर रोना धोना मचाया जा रहा है रामलला के मंदिर निर्माण के बाद भी तो एक सामान्य से प्रश्न है कि - बाबर भारत देश में पैदा हुआ था या बाबरी मस्जिद समस्त सनातनियों के आराध्य प्रभु श्रीराम के जन्म से पहले पैदा हुआ था ? समझ नहीं आता है की लॉ ग्रेजुएट असदुद्दीन ओवैसी ऐसे उलजुलूल बयान देने से बाज़ क्यों नहीं आते हैं?




वही दूसरी तरफ इनका छोटा भाई अकबरुद्दीन ओवैसी खुले मंच से कहता है कि - 'हम 25 करोड़ तुम 100 करोड़ 15 मिनट के लिए पुलिस हटा लो तो पता चल जायेगा कि कौन ताकतवर' इन जैसे बेहूदा भडकाऊ बयान देने वाले व्यक्ति की सोच क्या हो सकती है यह सोचने का विषय है क्योंकि ये बयानबाजी मात्र एक बयान नहीं होकर एक ऐसी ख़तरनाक सोच का आईना है जिसमें स्पष्ट रुप से सम्पूर्ण विश्व के लिए विशेष तौर पर भारत देश के लिए एक सुनियोजित ख़तरा मंडराता दिख रहा है और मौका मिलते ही देश की एकता अखंडता शांति को खंडित करने का भरसक प्रयास किया जाता है जो अनवरत जारी है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण कुछ सालों पूर्व भारत देश के उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने अपनी सेवानिवृत्ति के दिन एक अजीब से बयान के माध्यम से दिया उन्होंने कहा कि - 'भारत देश में मुसलमान सुरक्षित नहीं है' । जिस देश में एक उपराष्ट्रपति मुस्लिम हो उसके बाद भी यह बयान दिया जाता है तो यह बयान साधारण नहीं होकर एक गम्भीर विषय पर मंथन करने का संकेत देता है। इसी देश में महान वैज्ञानिक अब्दुल कलाम साहब को देश के सबसे सर्वोच्च पद पर खुशी खुशी बैठाया जाता है और दिल खोलकर उनका अभिवादन किया जाता है उसके बाद भी एक अजीब सी संकुचित मानसिकता देखने को मिलती है। देश के सम्मान को कैसे खण्डित किया जा सकता है

इसका प्रत्यक्ष उदाहरण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत दौरे पर देखने को मिला जब आम आदमी पार्टी के पार्षद ताहीर हुसैन और विधायक अमानतुल्लाह खान द्वारा सुनियोजित तरीके से दंगे करवाये गए जिसकी वजह से देश की राजधानी दिल्ली जल उठी थी चारों तरफ से वर्तमान सरकार को घेरने का कार्य किया गया था

यह विचारधारा सिर्फ एक दिन में नहीं पनपी है अपितु यह लगातार बढ़ती जा रही है जिसका उदाहरण आये दिन विभिन्न टीवी चैनलो पर लाइव डिबेट में अपने बेहूदा एवं बेसिरपैर के बयान देते नजर आने वाले शोएब जमाई द्वारा दिखता है जो कि जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है । इनसे जब पूछा गया कि कुरान पहले या संविधान पहले तो इनका स्पष्ट जवाब होता है कुरान।

एक तरफ ये सभी लोग लोकतंत्र की दुहाई देते दिखते है तो दूसरी तरफ इसी लोकतंत्र के आधार संविधान को स्पष्ट रूप से मानने के लिए इनकार करते नज़र आते है । जब जब इनके फायदे की बात हो तो संविधान का झंडा लेकर खड़े हो जाएंगे और वही जब लव जिहाद, भूमि जिहाद, आतंकवाद ,मंदिरों पर कब्ज़े को लेकर बात सामने आती है तो खुद की शरीयत की दुहाई देने लगते है आख़िरकार इतना दोगला व्यवहार किसलिए ? मदरसों की जाँच नहीं करने देते है अगर जाँच करने जाए तो पुलिस पर ही पत्थर फेंकने शुरू कर देते हैं। भारतीय रेलवे की ज़मीन पर कब्ज़ा कर लेते है और जब सरकारी आदेश पर उक्त ज़मीन को खाली करवाने के लिए प्रशासन जाता है तो खुले रूप से पुलिस अधिकारियों पर निगम अधिकारियों पर हमला किया जाता है पत्थर फेंके जाते हैं। सिर्फ पुरूषों के द्वारा ही नहीं अपितु बच्चों और महिलाओं के द्वारा भी जमकर खूनी खेल खेला जाता है और यह प्रत्यक्ष उदाहरण देखने को मिला उत्तराखंड के हलद्वानी में ।

**सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सभी सुविधाओं का उपभोग करना पर मौका मिलते ही सरकार को जमकर कोसना उसके ख़िलाफ़ लामबंद होकर दंगा करना । यह सोच एक दिन में पल्लवित नहीं हुई बल्कि सालों से लगातार इस सोच को बढ़ाया जा रहा है क्योंकि मुस्लिम मज़हब में पैदा नही होने वाला प्रत्येक व्यक्ति काफ़िर है और काफ़िरो को क़त्ल करना सबाब का काम है । इसीलिए सूरा 2 आयत 191 में कहा गया है कि 'काफिरों को जहा पाओ उनको जान से मार दो' आख़िरकार यह कैसी सोच है जो सिर्फ़ और सिर्फ़ स्वयं को सिरमौर रखने पर ज़ोर देती है। झूठा भाईचारे का दिखावा मात्र एक नौटंकी है।**

**एक नज़र**

**जोधपुर पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा...**

# स्कूलों को नहीं बनने देंगे धर्मांतरण और लव जिहाद का अड्डा



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने धर्मांतरण और लव जिहाद को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। मंत्री दिलावर ने साफ तौर पर कहा है कि स्कूलों को धर्मांतरण और लव जिहाद का अड्डा नहीं बनने देंगे।

मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर से बालोतरा रवाना होने से पहले ये बात कही। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर से बालोतरा जाते समय देर रात जोधपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद वे रविवार सुबह बालोतरा के लिए रवाना हुए। इस दौरान मंत्री दिलावर ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश की किसी भी विद्यालय को धर्मांतरण या लव जिहाद का अड्डा नहीं बनने देंगे। जहां पर भी षड्यंत्र होगा, उसमें शामिल शिक्षक हो या विद्यार्थी उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। धर्मांतरण और लव जिहाद के मुद्दे को लेकर कोटा जिले के खजूरी ओदपुर गांव के विद्यालय में तीन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहां के स्कूल में एक हिंदू बालिका के धर्म के कॉलम में अध्यापकों ने मुस्लिम लिखा। उस स्कूल में जबर्दस्ती नमाज पढ़ाई जाती और धर्मांतरण का षड्यंत्र होता है, ये तो हम चलने नहीं देंगे।

**जहां सूर्य नमस्कार नहीं, वहां होगी कार्रवाई:** मंत्री दिलावर ने सूर्य नमस्कार का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के समय रोजाना 10 मिनट का सूर्य नमस्कार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन निर्देशों की समीक्षा भी करवाई जा रही है। जहां आदेशों की पालना नहीं होगी, वहां कार्रवाई की जाएगी। मदन दिलावर पहले भी पेपर लीक करने वाले माफियां और स्कूल में छात्राओं के साथ बेड टच करने वाले टीचर को चेता चुके हैं कि किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। शिक्षा मंत्री खुले तौर पर कह चुके हैं छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले टीचर के घर पर बुलडोजर चलेगा। उन्हें किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाएगा।

**कोटा के स्कूल में सामने आया था धर्मांतरण का मामला:** गौरतलब है कि हाल ही में कोटा जिले के खजूरी ओदपुर गांव के सरकारी स्कूल में जबरन नमाज पढ़ाने व धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस पर शिक्षा विभाग ने 22 फरवरी की रात आदेश जारी कर तीन शिक्षकों में से दो को निलंबित कर दिया था। शिक्षक फिरोज और मिर्जा मुजाहिद को निलंबित करने के साथ महिला शिक्षिका शबाना को एपीओ किया गया था।

**संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

# सेवा का संकल्प लिया और निखर गया हमारा जलमहल

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। सरकार के भरोसे ना बैठते हुए जरूरी कामों को खुद अपने हाथ में लेकर किस तरह अपने परिवेश का कायापलट किया जा सकता है, इसकी बेहतरीन नजीर रविवार को देखने को मिली। संत निरंकारी मिशन से जुड़े वॉलंटियर्स ने मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तहत जलमहल के आसपास सफाई अभियान चला यहां का कायाकल्प कर दिया। परियोजना के दूसरे चरण के तहत सुबह 8 से 12 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में मिशन के जोन-20 बी जयपुर के वॉलंटियर्स ने आस पास के इलाके की डीप-क्लीनिंग की।

मिशन के इस अभियान में जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर, डीजीपी क्राइम रवि कुमार महेरड़ा, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहमद व वार्ड पार्षद भूपेंद्र मीना ने पहुंचकर सफाई में हाथ बंटाया। उन्होंने मिशन के सेवादारों द्वारा इस प्रकार के अभियान से जन जन को दिए गए स्वच्छता के संदेश को सराहना की। मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि साफ सफाई रखना ना सिर्फ सरकारी तंत्र का कार्य है बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। हम कचरे को कचरापात्र में डालें, इस बात को खुद समझें और दूसरों को समझाएं। निरंकारी मिशन हमेशा से ही इस प्रकार के कार्य कर आमजन में जागरूकता फैलाता है।

डीजीपी रवि कुमार महेरड़ा का कहना था कि मिशन के साथ भारी मात्रा में युवा शक्ति जुड़ी है। जिस प्रकार आपलोग निस्वार्थ सेवा के कार्य कर रहे हैं उससे लगता है कि देश के युवाओं की सोच बदल रही है। उन्होंने कहा कि मैंने सुना था निरंकारी मिशन नेक और अनेक सामाजिक कार्य भी करता है, मगर आज यह सेवा भाव देखकर मैं अभिभूत हूं।



### दूरदराज से आए 4500 वॉलंटियर्स

जोनल इंचार्ज जोन-20 बी सुनील बाली ने बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' इस आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए उपरोक्त कार्यक्रम में संत निरंकारी मंडल जोन 20 बी जयपुर की करीब 28 ब्रांचों ने भाग लिया। क्षेत्रीय संचालक सेवादल मनोज कुमार खंगार ने बताया कि राजापार्क, हाथोज, प्रतापनगर, उदयपुरिया, ठिकरिया, जयसिंहपुरा खोर, नारायण विहार (सांगानेर), विद्याधर नगर, वाटिका, सांभर, दूदू, कानोता, रेनवाल, बांदीकुई, तूंगा, दौसा, देवगांव, महवा, बिहारीपुरा, डीडवाना, तालचिड़ी, मंडावर, रामगढ़ पचवारा, मच्छ की पीपली, लालसोट, जमवारामगढ, करौली, चाकसू, बस्सी और हिण्डोन ब्रांचों के लगभग 1.5 हजार सेवादल सदस्य और 3 हजार सत्संग के लोगों ने मिलकर अभियान के दौरान साफ सफाई की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)